# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 17 मार्च 2025

संवत 2081, चैत्र कृष्णपक्ष 3 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 191 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ पितृसत्तात्मक व्यवस्था को चुनौती देती महिलाएं

एक्शन के साथ फिल्म में डांस का भी तड़का लगाएंगे सलमान, जल्द रिलीज होगा 'सिकंदर' नया गाना ◀◀ 6




# पुआल में खेल रहे चार बच्चे जिंदा जले, जांच में जुटी पुलिस

● भाई- बहन सहित चार बच्चों की मौत से पसरा मातम ● पुआल में आग कैसे लगी इसकी जानकारी फिलहाल नहीं हो पायी है



**जगन्नाथपुर (पश्चिमी सिंहभूम):** पुआल में खेल रहे चार बच्चे जिंदा जल गये हैं। घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना की है। पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के गीतिलिपि गांव में पुआल से घर में आग लग गयी, जिसकी चपेट में आने से भाई-बहन सहित चार बच्चे जिंदा जल गये। सभी बच्चे पुआल में ही खेल रहे थे। घटना आज यानि सोमवार सुबह 10 बजे के करीब की है। पुलिस मौके पर पहुंची गयी है। बुरी तरह जल चुके सभी बच्चों के शवों को निकालने की कोशिश की जा रही है।

**सभी बच्चों की उम्र 2 से 5 साल के बीच:** जिंदा जले सभी बच्चों की उम्र 2 से 5 साल के बीच है। मृतकों में 3 लड़के और एक लड़की है। बच्चों की पहचान अर्जुन चातर के बेटे प्रिंस चातर (5), चंद्रमोहन सिंकू के पुत्र साहिल सिंकू, (5), सुखराम सुंडी की बेटी भूमिका सुंडी (5) और बेटे रोहित सुंडी (2) के रूप में हुई है। ये सभी बच्चे खलिहान में खेल रहे थे। इसी दौरान आग लगी और सभी अबोध बच्चे जिंदा जल गये।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सत्यम कुमार, अंचल अधिकारी (सीओ) मनोज मिश्रा,एएसआई अजय सिंह मौके पर पहुंचे। बच्चों के शवों को राख से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। समाचार लिखे जाने तक इस बात का पता नहीं चल पाया है कि खलिहान में आग लगी कैसे।

## पेड़ से टकराई अनियंत्रित बाइक, मोटरसाइकिल के उड़े परखच्चे, 2 युवकों की मौत

**दुमका:** जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें दो युवकों की मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला जिले के रानीश्वर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर-बरमसिया पथ पर कदमा गांव के पास का है। बताया जा रहा है कि 2 युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई जिससे दोनों घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## राम मंदिर को अब नहीं मिलेगा नया मुख्य पुजारी

### सत्येंद्र दास के निधन के बाद ट्रस्ट ने लिया फैसला

**नई दिल्ली:** अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन हो चुका है। इनके निधन के कई दिनों के बाद अयोध्या में अब कई मुख्य पुजारी नहीं होगा। ये जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र सचिव चंपत राय ने दी है। चंपत राय ने आचार्य सत्येंद्र दास के निधन के बाद नए मुख्य पुजारी की नियुक्ति पर पूछे गए सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

राय ने कहा कि अब कोई मुख्य पुजारी नहीं होगा क्योंकि दास की उम्र और सम्मान का कोई व्यक्ति नहीं है, उन्होंने कहा कि कोई भी उनके जितना विद्वान नहीं है। राय ने कहा, हमने आचार्य सत्येंद्र दास से 6 महीने पहले पूछा था; अब कोई मुख्य पुजारी नहीं होगा। सत्येंद्र दास की उम्र और सम्मान का कोई व्यक्ति नहीं है;



इतने लंबे समय तक कोई और हनुमानगढ़ी का महंत नहीं रहा है। उन्होंने कहा, वे 1993 से सेवा कर रहे थे। वे 100 रुपये मासिक वेतन लेते थे। अब, हर कोई युवा और नया है; कोई भी उनके जितना विद्वान नहीं है। अब, किसी को मुख्य पुजारी के रूप में संबोधित करना अतिशयोक्ति होगी।

आचार्य सत्येंद्र दास कौन थे?

दास एक हिंदू महंत और अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी थे। 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस से पहले भी वे राम मंदिर के मुख्य पुजारी थे। वह बांग्लादेश में अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी (इस्कॉन) पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली याचिका की निंदा करने वाले पहले हिंदू पुजारियों में से एक थे। आचार्य सत्येंद्र दास को अयोध्या के सबसे सुलभ संतों में से एक माना जाता था और अक्सर मीडियाकर्मी अयोध्या और राम मंदिर से संबंधित घटनाक्रमों के बारे में जानकारी के लिए उनसे संपर्क करते थे।

इस साल 12 फरवरी को 83 साल की उम्र में लखनऊ के संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसजीपीजीआईएमएस) में उनका निधन हो गया था। ब्रेन स्ट्रोक के बाद उन्हें 3 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने कहा, अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने आज अंतिम सांस ली। उन्हें 3 फरवरी को गंभीर हालत में स्ट्रोक के बाद न्यूरोलॉजी वार्ड के एचडीयू (हाई डिपेंडेंसी यूनिट) में भर्ती कराया गया था।

## न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने ली सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ, 2031 में बनेंगे सीजेआई

**नई दिल्ली:** न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने आज सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अन्य सभी न्यायाधीशों की मौजूदगी में उन्हें शपथ दिलाई। उच्चतम न्यायालय परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में वहां के अन्य न्यायाधीशों के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। न्यायमूर्ति बागची के शपथ ग्रहण के साथ ही शीर्ष अदालत के लिए स्वीकृत 34 न्यायाधीशों की संख्या के मुकाबले न्यायाधीशों की संख्या 33 हो गई।



न्यायमूर्ति बागची दो अक्टूबर 2031 को सेवानिवृत्त होंगे, उससे पहले वह मई (2031) में भारत के मुख्य न्यायाधीश बन सकते हैं। न्यायमूर्ति खन्ना के नेतृत्व वाले न्यायमूर्ति भूषण आर गवई, न्यायमूर्ति, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ के कॉलेजियम ने छह मार्च को न्यायमूर्ति बागची को पदोन्नति कर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद पर नियुक्ति की सिफारिश की थी। कॉलेजियम ने नियुक्ति की सिफारिश के लिए मूल्यांकन करते समय न्यायाधीश पद के संभावित उम्मीदवारों की योग्यता, ईमानदारी और न्यायिक क्षमता के अलावा क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और वरिष्ठता आदि पहलुओं पर भी विचार किया।

13 वर्षों का व्यापक अनुभवःन्यायमूर्ति बागची को बतौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, कानून के विविध क्षेत्रों में 13 वर्षों का व्यापक अनुभव प्राप्त है। उन्हें जून 2011 में कलकत्ता उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। जनवरी 2021 में उन्हें आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया गया और फिर नवंबर 2021 में उन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया। केंद्र सरकार ने 10 मार्च को न्यायमूर्ति बागची के उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश पद पर नियुक्ति की घोषणा की थी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से 10 मार्च को एक अधिसूचना जारी कर कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बागची की पदोन्नति संबंधी घोषणा की।

## केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को दी मंजूरी, इसरो प्रमुख ने दी जानकारी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-5 को मंजूरी दे दी है। इसरो के अध्यक्ष वी.नारायणन ने इस बात की जानकारी दी है। इसके साथ ही इस बात की जानकारी भी सामने आई है कि भारत का चंद्रयान-4 मिशन कब तक लॉन्च किया जाएगा।

इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने बताया बस 3 दिन पहले ही हमें चंद्रयान-5 मिशन के लिए मंजूरी मिली है। हम इसे जापान के सहयोग से करेंगे। उन्होंने बताया



कि भारत के चंद्रयान-5 मिशन के तहत, चंद्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए 250 किलोग्राम का रोवर भेजा जाएगा।

इसरो ने रविवार को ये भी बताया कि चंद्रयान-4 मिशन कब लॉन्च होगा। इसरो अध्यक्ष ने बताया कि संभावना है कि चंद्रयान-4 को साल 2027 में प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष ने बताया है कि चंद्रयान-4 मिशन का मकसद चंद्रमा से इकट्ठा किए गए नमूनों को वापस लाना है।

### कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

## एक जवान घायल, तलाशी अभियान जारी

**श्रीनगर :** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के खुरमोरा राजवार इलाके में नियंत्रण रेखा के पास आज सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों ने आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने पर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया था।

अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। हालांकि, आतंकवादी घेराबंदी तोड़कर भागने में सफल रहे।

सुरक्षा बलों ने भागे हुए आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इलाके में अपना तलाशी अभियान जारी रखा है। मुठभेड़ में एक सुरक्षाकर्मी के घायल होने की सूचना है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल इलाके में सुरक्षा बलों का घेरा मजबूत है और आतंकवादियों की तलाश जारी है।



## थोक महंगाई दर में मामूली बढ़त, जनवरी के 2.31% से बढ़कर 2.38% पर पहुंचा डब्ल्यूपीआई

**नई दिल्ली :** फरवरी में थोक मूल्य मुद्रास्फीति दर यानी थोक महंगाई दर बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई। जनवरी में यह 2.31 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी, 2025 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं और कपड़ा निर्माण आदि के विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि के कारण है। एक सर्वेक्षण में अर्थशास्त्रियों ने थोक मूल्य मुद्रास्फीति 2.36% रहने का अनुमान लगाया था। थोक खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी में 7.47% से घटकर पिछले महीने 5.94% हो गई। प्राथमिक वस्तुओं की मुद्रास्फीति जनवरी में 4.69 प्रतिशत से घटकर फरवरी में 2.81 प्रतिशत हो गई। इस बीच, ईंधन और बिजली की थोक कीमतों में पिछले महीने 0.71 प्रतिशत की कमी आई, जबकि जनवरी में इसमें 2.78 प्रतिशत की कमी आई थी। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में फरवरी में 2.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले महीने इसमें 2.51 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। केंद्र की ओर से इस महीने की शुरूआत में जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में सात महीने के निचले स्तर 3.61% पर आ गई, जो जनवरी में 4.31% थी। गिरावट मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में कमी के कारण हुई, जिसमें खाद्य मुद्रास्फीति- जो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) बास्केट का लगभग आधा हिस्सा है- जनवरी में 5.97% से फरवरी में गिरकर 3.75% हो गई।

## अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमले का एक आरोपी मुठभेड़ में ढेर, दूसरा फरार

**अमृतसर :** अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड फेंकने वालों में से एक को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान ढेर कर दिया है। आज सुबह पुलिस और हमलावरों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें आरोपी गुरसिदक उर्फ सिदकी मारा गया, जबकि उसका साथी विशाल उर्फ चुई फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक सीआईए और छेहर्टा पुलिस की टीमों ने आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया था, जिसके दौरान यह मुठभेड़ हुई। पुलिस को घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने उसकी जांच शुरू की। पूछताछ में गुरसिदक और विशाल के नाम



सामने आए थे। पुलिस को सूचना मिली कि ये दोनों आरोपी राजासांसी इलाके में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

सुबह के समय जब पुलिस ने आरोपियों की मोटरसाइकिल को रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इस फायरिंग में कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह के बाएं हाथ पर गोली लगी, जबकि एक गोली इंस्पेक्टर अमोलक सिंह की पगड़ी पर और एक पुलिस वाहन पर भी लगी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें गुरसिदक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका साथी विशाल मौके से फरार हो गया। घायल आरोपी गुरसिदक और कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गुरसिदक की मौत हो गई। फिलहाल, फरार आरोपी विशाल की तलाश जारी है और पुलिस उसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

पुलिस ने इस मामले में बिहार से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस की जांच के मुताबिक, ये सभी आरोपी भारत से दूर नेपाल जाने की फिराक में थे। ये आरोपी ग्रेनेड और गैरकानूनी हथियारों की सप्लाई किया करते थे। ठाकुरद्वार मंदिर पर ये हमला देर रात 12:30 पर किया गया था। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, दो बाइक सवार शख्स आए और एक ने ग्रेनेड से मंदिर पर हमला कर दिया और दोनों ही मौके से फरार हो गए थे।

न्यूज ब्रीफ

## खूंटी पुलिस ने मानव तस्करी की शिकार दो नाबालिगों का किया रेस्क्यू

खूंटीः पुलिस की गठित टीम ने दिल्ली से दो नाबालिग बच्चियों का रेस्क्यू किया है। दोनों नाबालिगों को अच्छ काम का लालच देकर मानव तस्कर दिल्ली ले गए थे। दोनों लड़कियां अड़की थाना क्षेत्र की रहने वाली है। नाबालिग लड़कियों का दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार दोनों नाबालिगों को काम का लालच देकर तस्कर दिल्ली ले गए थे। दिल्ली में प्लेसमेंट एजेंसी उन्हें दाई का काम करने के लिए दूसरी जगह भेजने वाले थे। इसकी भनक लगते ही दोनों नाबालिग लड़कियां किसी प्रकार तस्करों के चंगुल से छूटकर भागने में सफल रही और एक लड़की ने अपने मोबाइल से इसकी सूचना झारखंड भवन के टोल फ्री नंबर पर देते हुए मदद की गुहार लगाई।

पुलिस और एनजीओ की मदद से मुक्त हुई दोनों नाबालिगः सूचना मिलते ही नोडल ऑफिसर नचिकेता परामर्शी निर्मल खलखो, मिशन मुक्ति फाउंडेशन के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह और रेस्क्यू फाउंडेशन के अक्षय कुमार पांडेय के साथ मिलकर पीड़ितों के रेस्क्यू के प्रयास में जुट गए। पीड़िता के मोबाइल फोन का लाइव लोकेशन दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र में मिलने पर नेबसराय थाना पुलिस के सहयोग से पीड़िता को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया।

इस बीच दिल्ली से लड़कियों को खूंटी लाने कार्रवाई के लिए डीसी लोकेश मिश्रा के निर्देश पर एक रेस्क्यू टीम खूंटी से दिल्ली रवाना हो गई है। टीम में बाल संरक्षण पदाधिकारी मो। अल्ताफ खान, महिला थाना प्रभारी फूलमनी टोप्पो, एएसआई रमजानुल हक, आरक्षी प्रिया कुमारी सहित कई लोग शामिल हैं।

## राज्यपाल से मिला राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रतिनिधिमंडल



**मुरीः** राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ एवं झारखंड प्रदेश के नेतृत्व में पांच सदस्यीय एक शिष्टमंडल ने महामहिम राज्य पाल से मिला और वृद्ध जनों की तकलीफ दूर करने हेतु वरिष्ठ नागरिक आयोग गठन का अनुरोध किया। साथ ही बोकारो में दान से प्राप्त जमीन, रांची जिला के प्रिटोरिया और सिल्ली दोवाडु में मिले जमीन पर वृध्दाश्रम बनाने का आग्रह किया है। महामहिम से मिलने वालो में रांची जिला संयोजक एन सी कारर्जी , बोकारो जिला अध्यक्ष मधुसूदन सिंह, खिरोधर महतो, मोहम्मद शेख,एनसी साहु थे।

## होली मनाने ससुराल गये युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

गोलाः गोला थाना क्षेत्र के बरवाटांड़ निवासी रूपेश कुमार (22 वर्ष) की मौत उसके ससुराल खरैयाटांड़ में होली के दिन शुक्रवार शाम में हो गयी। घटना के बाद मृतक के परिजन एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण थाना पहुंच कर ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार देने की मांग की। पुलिस ने मृतक की पत्नी एवं सास को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, कमता बरवाटांड़ निवासी रूपेश कुमार (22 वर्ष) पिता महावीर दांगी की शादी सात जुलाई 2024 को खरैयाटांड़ निवासी गणेश महतो की पुत्री रिया कुमारी के साथ हुई थी। रूपेश अपनी पत्नी के साथ दो दिन पूर्व होली खेलने के लिए ससुराल गया हुआ था। इसी बीच, उसकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि रूपेश को उसकी पत्नी रिया कुमारी एवं सास जयंती देवी ने जान से मार कर फांसी के फंदे में लटका कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया है। सूचना मिलने के बाद जब परिजन खरैयाटांड़ रूपेश के ससुराल पहुंचे, तो वह मृत अवस्था में फांसी के फंदे में लटका हुआ था। उसका पैर बेड के ऊपर मुड़ा हुआ था। फंदे में दो गांठ थे। इसके कारण उसकी मौत को परिजनों ने संदेहास्पद बताया। मृतक के ससुर बाहर में काम करते हैं। रूपेश अपनी सास के साथ गोला डेली मार्केट में सब्जी बेचने का काम करता था। वह अपनी सास के दबाव में 15 दिन पूर्व ही अपने माता पिता से अलग हो गया था। मृतक के पिता, भाई एवं बहन ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। परिजनों ने बताया कि रूपेश महावीर दांगी का छोटा पुत्र था। आकाश बड़ा पुत्र है। थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

आवेदन में लगाया गया है हत्या का आरोप : मिली जानकारी के अनुसार, मृतक के भाई आकाश कुमार ने गोला थाना में लिखित शिकायत दी है। इसमें कहा गया है कि घटना के बाद उसकी भाभी रिया देवी ने घर में फोन कर घटना की जानकारी दी। जब वह लोग पहुंचे, तो देखा कि रूपेश फांसी के फंदे से झूल रहा है। आनन-फानन में परिजनों ने उसे नीचे उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। आवेदन में मृतक की पत्नी एवं सास पर रूपेश के साथ मारपीट कर जान से मारने के बाद आत्महत्या का रूप देने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है।

## झारखंड में खुद की जमीन मजबूत करने के लिए कांग्रेस का प्लान, 26 मार्च से शुरू होगा बैठकों का दौर

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस पार्टी को संगठित और मजबूत करने के लिए 26 से 30 मार्च 2025 तक महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को विशेष कार्य सौंपे जाएंगे, जिन्हें अगले 100 दिनों में जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि इन बैठकों का उद्देश्य पार्टी की लंबी अवधि की रणनीति तैयार करना है। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और नागरिक संगठनों से विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि झारखंड कांग्रेस प्रभारी के.राजू की 26 मार्च को सुबह 10.30 से दो बजे तक जेपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिवों के साथ चर्चा होगी, जबकि दोपहर तीन बजे से छह बजे प्रदेश कांग्रेस सचिवों के साथ बैठक होगी। 27 मार्च को एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभाग के राज्य समिति सदस्यों के साथ बातचीत की जाएगी, इसके अलावा युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और आईएनटीयूसी के सदस्यों से चर्चा होगी। 28 मार्च को कांग्रेस के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व मंत्रियों और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के साथ अहम बैठक होगी। 29 मार्च को नागरिक समाज संगठनों के साथ दो चरणों में विचार-विमर्श किया जाएगा। 30 मार्च को पूर्व लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ चुके कांग्रेस प्रत्याशियों से मुलाकात होगी, इसके बाद मीडिया, सोशल मीडिया और कम्युनिकेशन विभाग के पदाधिकारियों से संवाद किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इन बैठकों के दौरान प्रदेश कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाएगी। पार्टी कार्यकताओं को मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए जाएंगे।

# घर में मिला विवाहिता का शव, दहेज हत्या की प्राथमिकी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबादः** धर्माबांध ओपी क्षेत्र की धर्माबांध बस्ती में रमेश महतो की पत्नी बसंती देवी (27) का शव घर में मिला। परिजनों ने तत्काल उसे निचितपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतका के मायके वालों ने धमाबांध पुलिस को सूचना दी। ओपी प्रभारी मनोज पांडे दलबल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये धनबाद भेज दिया। पुलिस पति रमेश महतो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इधर, मृतका बसंती देवी के मायके वालों ने ससुराल वालों पर मारपीट कर उसकी हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की मां ने पुलिस को बताया कि बेटी ने शुक्रवार की रात नौ बजे को फोन किया था उसका पति उसके साथ मारपीट कर रही है। शनिवार सुबह सूचना मिली की बेटी की मौत हो गयी है। मेरी बेटी की



हत्या की गयी है। पहले भी उसके साथ मारपीट की जा रही थी। मृतका के दोनों बच्चों से पूछने पर बताया कि हम लोग सो गये थे। कुछ नहीं मालूम है। मृतका की 10 साल की एक बेटी व आठ साल का बेटा है। पति ईंट भट्ठा में मजदूरी करता है। मृतक का मायका मनियाडीह थाना क्षेत्र के नवादा गांव में हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

इधर, पूछताछ में मृतका के पति रमेश महतो ने कहा कि पत्नी की मौत कैसे हुई, उसे पता नहीं है। शुक्रवार को होली खेलने के बाद एक ही कमरे में सोये हुए थे। शनिवार की सुबह उठने पर पत्नी को जमीन पर नीचे पड़ा पाया। फिर उसे उठा कर अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पिता की शिकायत पर दहेज हत्या का केस दर्जः धर्माबांध ओपी प्रभारी मनोज कुमार पांडे ने बताया कि मृतका के पिता भिखू महतो की शिकायत पर पति पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है।

## आपसी विवाद में युवक को मारी गोली

पलामूः होली की पार्टी के दौरान दो पड़ोसियों के बीच विवाद हुआ था। इस विवाद में दो पड़ोसियों ने एक व्यक्ति को घर में घुसकर गोली मार दी। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से जख्मी व्यक्ति को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मौके से हथियार भी बरामद किया है। यह घटना पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के निमिया की है। रविवार को देर रात निमिया में होली को लेकर पड़ोसियों के बीच पार्टी चल रही थी। इसी पार्टी में धीरेंद्र कुमार सिंह और विजय कुमार सिंह नामक व्यक्ति के बीच विवाद हो गया था। विवाद के बाद विजय कुमार सिंह अपने घर गया और हथियार लेकर धीरेंद्र कुमार सिंह के घर पहुंचा और उसे गोली मारकर घायल कर दिया। गोली धीरेंद्र कुमार सिंह के पीठ में लगी है। उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ की अव्यवस्था घोर लापरवाही का नतीजाः अनीता देवी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लातेहारः** उपाध्यक्ष जिला परिषद अनीता देवी ने कहा कि आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ में भ्रमण के क्रम में यह जानकारी प्राप्त हुई कि बालूमाथ, हेरहंज और बरियातू तीनों प्रखंड के अंतर्गत कोई भी एमबीबीएस डॉक्टर मुख्यालय में नहीं है।

सीएचसी बालूमाथ में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अलावा एक एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थापित एवं एक डॉक्टर प्रतिनियुक्ति पर हैं ' लेकिन होली की सुबह रविवार को अस्पताल में कोई भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे । उपाध्यक्ष ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से बात की । उन्होंने बताया कि मैं छुट्टी में हूं यह आश्चर्य का विषय है कि होली के समय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को किसने और कैसे छुट्टी थी ?

अस्पताल में इमरजेंसी में डॉक्टर सुरेंद्र उपस्थित थे जो होम्योपैथी चिकित्सक हैं लेकिन एलोपैथी की दवाएं लिखते हैं । यह भी लापरवाही का नमूना है।

डॉक्टर ध्रुव सत्य महतो एवं डॉक्टर सिद्धार्थ दोनों बिना किसी अनुमति या छुट्टी के मुख्यालय से बाहर थे ।

उपस्थित लोगों से पूछताछ में यह बात पता चली है कि डॉक्टर सिद्धार्थ चतरा में किसी प्राइवेट क्लीनिक में प्रैक्टिस करते हैं और मुख्यालय में नहीं रहते हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय ने बताया कि इसकी शिकायत सिविल सर्जन एवं उपायुक्त से की जाएगी ।

इस संबंध में उपाध्यक्ष महोदय के द्वारा कल 10:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी को बुलाया गया है । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बालूमाथ में किसी भी दिन अपनी चिकित्सकीय सेवा नहीं देते हैं ।

बातचीत के क्रम में उपाध्यक्ष महोदय ने बताया कि चिकित्सक की कमी पूरे राज्य में है जो सरकार स्तर का मामला है, लेकिन कम से कम जो भी चिकित्सक अस्पताल में उपलब्ध हैं , उन्हें जिन्हें मानवता की सेवा के लिए नियुक्त किया गया है । उनकी लापरवाही का आलम यह है कि वे मुख्यालय में रहते ही नहीं हैं । यदि 3 एमबीबीएस डॉक्टर हैं और रोस्टर से ड्यूटी करके मुख्यालय में रहे तो कम से कम लोगों को सुलभ चिकित्सा उपलब्ध हो पाएगी ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों का कोई भी रोस्टर नहीं लगा हुआ है । मनमानी है । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से पूछे जाने पर बताया कि साफ सफाई के क्रम में रोस्टर फट गया है । निरीक्षण के क्रम में एक व्हाइट बोर्ड में चिकित्सकों का विवरण लिखा हुआ था, जिसमें 2 साल पूर्व की जानकारी दर्ज थी । अस्पताल में लगे बोर्ड के मुताबिक डॉक्टर दिनेश कुमार लातेहार के सिविल सर्जन है और डॉक्टर सुरेश कुमार राम बालूमाथ के चिकित्सा पदाधिकारी हैं। किसी भी मरीज के बेड के ऊपर पंखा नहीं लगा हुआ है। अस्पताल में एक कूलर था वह भी वहां से गायब है । दुर्भाग्य है जिन्हें हम ईश्वर का स्वरूप मानते हैं वह जनता के प्रति कितने लापरवाह हैं।

## संत समाज के वरिष्ठ सदस्य डॉ पुरुषोत्तम मिश्रा का निधन



मुरीः विहंगम योग संत समाज के वरिष्ठ सदस्य पुरूषोत्तम मिश्रा 14 मार्च को स्वर्ग सिधार गए। 72 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बनारस के मणिका घाट पर किया गया। छोटे पुत्र डीबु ने मुखाग्नि दी। इस समाचार से सिल्ली में शोक की लहर है। बंगाली,माडवारी एवं वैश्व समाज तथा विहंगम योग संत समाज के अलावा अनेकों महिला पुरूष लोगों ने निधन पर घर जाकर शोक जताया और आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना की। उम्र लगभग 72 वर्ष था इनके इच्छा अनुसार इनका अंतिम संस्कार वाराणसी मे हो ,सिल्ली धर्मशाला के पूरोहित थे।डा पुरोषोतम मिश्रा अपने दुर्गा बाड़ी में हर पर्व त्योहार में पूजा का आयोजन धुमधाम से करते थे।वे बयोबृद पुरोहित स्व लखनलाल मिश्रा के एक मात्र सुपुत्र थे।वे आयुर्वेद के डॉ के रुप में भी प्रसिद्ध थे।उनका लगाव विहंगम योग से भी था। शोक व्यक्त करने वाले में सिल्ली विहंगम योग समाज के गणेश साहू, अजीत साहु,विजय भद्रक, ज्योति कुमारी, रिंकी कुमारी समेत उनके अगल बगल के अनेकों महिला पुरूष यजमान थे।

## शराबी पति ने पत्नी को पीट- पीट मार डाला, गिरफ्तार

**लातेहार :** होली के मौके पर एक शराबी पति ने अपनी पत्नी की मामूली विवाद में लात घूसों से पीट कर हत्या कर दी। घटना लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के शीशाडीह ग्राम की है। जानकारी के मुताबिक जगदीश नगेसिया नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी सरिता नगेसिया की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि शनिवार को होली के मौके पर जगदीश नगेसिया शराब के नशे में धुत घर पहुंचा। घर में पति- पत्नी के बीच किसी बात को ले कर विवाद हो गया। विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि जगदीश नगेसिया अपनी पत्नी को लात व घूसों से पीटने लगा। उसने अपनी पत्नी की इतनी बेरहमी से पिटाई की कि उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना महुआडांड़ थाना को दी गई। सूचना मिलते ही महुआडांड़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

## डुमरी तीन नंबर गुरुद्वारा में होला मोहल्ला पर्व शुरू

धनबादः डुमरी तीन नंबर गुरुद्वारा में होला मोहल्ला गुरु पर्व शुरू हो गया। रविवार को नया निसान साहब चढ़ाया गया। बचरा निवासी कुलवंत कौर ने निसान साहब की सेवा की। स्त्री सत्संग ने एक दूसरे को गुलाब लगाकर होली की बधाई दी। स्त्री सत्संग ने सबद कीर्तन प्रस्तुत किया। इस दौरान बोले सो निहाल सत श्री अकाल से गुरुद्वारा गूंज उठा। संगत के बीच प्रसाद वितरण किया गया। होला मोहल्ला गुरु पर्व 23 मार्च को डुमरी तीन नंबर में मनाया जायेगा। बाबा का आकर्षक दरवाज सजाया गया है। सफल में बनाने स्त्री सत्संग की रणजीत कौर, परमजीत कौर, सीमा कौर, मंजीत कौर, हरबंश कौर, परवजीत कौर, पोली कौर, रीमा कौर, रणजीत कौर शामिल थीं।

### सीएम हेमंत सोरेन की बहन ने दे दिए संकेत

# जल्द ही बीजेपी छोड़कर जेएमएम में शामिल होंगी सीता सोरेन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** भाजपा नेता सह शिबू सोरेन की बड़ी बहू के झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) में वापसी की अटकलें एक बार फिर तेज हो गई हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बीते शनिवार को बाहा पर्व पर परिवार के साथ अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। इस दौरान सीता सोरेन भी अपनी बेटियों के साथ मौजूद दिखीं।

बता दें कि पिछले 2 साल के अंतराल में सीता सोरेन ने हेमंत सोरेन से दूरी बनाई हुई थी। हालांकि, वह शिबू सोरेन से मिलती रही हैं, लेकिन इस दौरान एक बार भी सीता सोरेन मुख्यमंत्री के किसी भी पारिवारिक कार्यक्रम में नेमरा नहीं आईं। सीता सोरेन लगातार हेमंत सोरेन व झामुमो पर हमला बोलती रही, लेकिन अपनी बेटियों के साथ मुख्यमंत्री के साथ बाहा पूजा में शामिल होने पर कयास लगाए जा रहे हैं कि सीता सोरेन झामुमो में शामिल हो सकती है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चचेरी बहन और जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन ने इस बात के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन की परिवार से दूरी अब खत्म हो गई है। रेखा सोरेन ने यह भी कहा कि सीता जल्द ही बीजेपी छोड़कर जेएमएम में शामिल होंगी और पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम करेंगी।

## राज्य में मलेरिया अब भी बड़ी स्वास्थ्य चुनौती



**रांची :** झारखंड में मलेरिया सबसे प्रचलित बीमारी है, जो कुल बीमारी के बोझ का लगभग 37 प्रतिशत है। टाइफाइड 10 प्रतिशत और तीव्र श्वसन संक्रमण 9 प्रतिशत है। हालांकि, 2020 से 2024 (सितंबर 2024 तक) की तुलना में अधिकांश जिलों में प्रति 1,00,000 जनसंख्या पर मलेरिया रोगियों की संख्या में कमी आई है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आर्थिक रूप से कमजोर आबादी को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने की एक परिवर्तनकारी पहल रही है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थितिः झारखंड में कुल 4.835 स्वास्थ्य संस्थान हैं, जिनमें रांची में सबसे अधिक (459) और रामगढ़ (72) व कोडरमा (83) में सबसे कम है। सरकारी अस्पतालों में कुल बिस्तरों की संख्या 13.909 है। झारखंड में 2.280 स्वीकृत चिकित्सा अधिकारी पदों में से 1,613 पद भरे हुए है। धनबाद और जमताड़ा जैसे जिलों में सबसे अधिक खाली पद हैं, जबकि रांची और लोहरदगा में सबसे कम। स्वास्थ्य व्यय की स्थिति राज्य के स्वास्थ्य व्यय में कुल खर्च 18,430 करोड़ रुपए है, जिसमें सरकारी स्वास्थ्य व्यय 9,056 करोड़ रुपए है। फैक्ट फाइल : झारखंड में मलेरिया सबसे प्रचलित बीमारी है। -मलेरिया की दर में कमी आई है। - झारखंड में कुल 4.835 स्वास्थ्य संस्थान हैं। सरकारी अस्पतालों में कुल बिस्तरों की संख्या 13.909 है। -झारखंड में 2.280 स्वीकृत चिकित्सा अधिकारी पदों में से 1,613 पद भरे हुए हैं।

# 18 लाख महिलाओं को नहीं मिला मंईयां सम्मान योजना का पैसा बीजेपी करेगी आंदोलनः बाबूलाल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** मंईयां सम्मान योजना को लेकर झारखंड में सियासत शुरू हो गई है। दरअसल, झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव से पहले 56 लाख महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि देने का ऐलान किया था। सरकार बन जाने के बाद सिर्फ 38 लाख महिलाओं के खाते में योजना की राशि भेजी।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आगे एक्स पर लिखा, हेमंत जी, बाकी 18 लाख महिलाओं ने क्या बिगाड़ा है आपका? अब महज 38 लाख महिलाओं के खाते में ही राशि भेजी जा रही है। शेष 18 लाख महिलाओं को अयोग्य या तकनीकी बाध्यता या कोई अन्य कारण बताकर उनकी राशि रोक दी गयी है? बहानेबाजी छोड़कर राज्य सरकार सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का पैसा दे। अगर सरकार ने ऐसा नहीं किया, तो महिलाओं के हक में उनकी पार्टी भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी।

तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोपः वहीं उन्होंने आगे सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, गिरिडीह के घोड़थंबा में होली जुलूस पर पथराव और आगजनी



की दुखद घटना हेमंत सरकार के तुष्टिकरण की राजनीति और प्रशासनिक तंत्र की विफलता का परिणाम है। हिंदुओं के पर्व त्योहारों पर हिंसा करना नया ट्रेंड बन गया है और इसे बढ़ावा दे रही है घुसपैठियों की संरक्षक झामुमो कांग्रेस की सरकार। हर हिंदू पर्व त्योहार में हिंसा-उन्माद की घटनाएं देखकर ऐसा लगने लगा है कि राज्य सरकार खुद हिंदू विरोधी तत्वों को हिंसा के लिए प्रोत्साहित कर रही है। पर्व त्योहारों से पूर्व की जाने वाली शांति समिति की बैठकें, प्रशासन के फ्लैग मार्च सिर्फ औपचारिकता बन कर रह गए हैं।

बीजेपी ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवालः उन्होंने आगे कहा कि, प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने में मुख्यमंत्री फिसड्डी साबित हुए हैं। दो पहले ही हेमंत जी ने अधिकारियों को विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया था, इसके बावजूद गिरिडीह में अप्रिय घटना को अंजाम दिया गया। शासन प्रशासन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। मीडिया के सामने आकर पर्व त्योहारों पर व्यवधान डालने वाले को जमीन के अंदर 10 फीट गाड़ने की घुड़की देने वाली झारखंड पुलिस की उपद्रवियों के सामने बोलती बंद हो जा रही है। गिरिडीह पुलिस होली जुलूस में व्यवधान उत्पन्न करने वाले सभी आरोपियों को चिन्हित कर कड़ी कारवाई करें, उल्टे पीड़ित पक्ष पर कारवाई कर मामले को संतुलित दिखाने का प्रयास न करें।

सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया : पारा शिक्षकों और सरकार को हाईकोर्ट से झटका

# क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देने के सरकार के फैसले को गलत ठहराया

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के पारा शिक्षकों और राज्य सरकार को झारखंड हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देने के सरकार के फैसले को गलत करार दे दिया है। हालांकि, हाईकोर्ट ने सरकार से कहा है कि अगर वह चाहे, तो राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद शिक्षा विभाग ने महाधिवक्ता की राय मांगी है।

**हाईकोर्ट के आदेश पर शिक्षा विभाग ने मांगी महाधिवक्ता की राय :** शिक्षा विभाग ने महाधिवक्ता से पूछा है कि हाईकोर्ट के आदेश के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाये या इस निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की जाये। महाधिवक्ता की राय मिलने के बाद सरकार इस पर कोई निर्णय लेगी।

26 हजार सहायक आचार्यों की नियुक्ति में आरक्षित हैं 50% सीटें: झारखंड में 26 हजार सहायक आचार्यों की नियुक्ति में पारा शिक्षकों को क्वालिफाइंग मार्क्स में छूट देने का सरकार ने निर्णय लिया था। सहायक आचार्य की नियुक्ति में 13 हजार सीटें पारा शिक्षकों के लिए आरक्षित हैं। नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।




सहायक आचार्य नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेशः सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने एक फैसला दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में झारखंड शिक्षा पात्रता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को ही परीक्षा में शामिल किया जाये। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के सफल अभ्यर्थी इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की तैयारी कर रहहे हैं। सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग कर रहे हैं।

2023 में शुरू हुई थी सहायक आचार्य नियुक्ति की प्रक्रियाः झारखंड सरकार ने प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति में पारा शिक्षकों के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का फैसला किया था। इसी साल 26 हजार सहायक आचार्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हुई। नियमावली के अनुरूप पारा शिक्षकों के लिए आरक्षित सीटों पर गैर पारा अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं हो सकती। भले उसे पारा शिक्षक से अधिक अंक मिले हों।

**पारा शिक्षकों के लिए क्वालिफाइंग मार्क्स तय नहीं:** सरकार ने यह नियमावली तो बना दी, लेकिन यह तय नहीं किया कि पारा शिक्षकों के लिए क्वालिफाइंग मार्क्स क्या होगी। दूसरी तरफ, गैर पारा अभ्यर्थियों के लिए क्वालिफाइंग मार्क्स तय हैं। सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग कटऑफ तय हैं।

# सरकारी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा आज से



**संवाददाता**

**रांची:** राज्य के सरकारी स्कूल में वार्षिक परीक्षा 17 मार्च से शुरू होगी। परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। परीक्षा में कक्षा एक से सात तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। कक्षा एक व दो के बच्चों मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों के के प्रत्येक विषय की परीक्षा 60-60 अंकों की होगी। जबकि कक्षा छह व सात की गणित व विज्ञान की परीक्षा 50-50 अंकों की एवं शेष विषय की परीक्षा 60-60 अंकों की होगी। जनजातीय भाषा का प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर पर तैयार किया जायेगा। प्रश्न पत्र जेसीइआरटी द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। परीक्षा को लेकर स्कूलों को ऑनलाइन प्रश्न भेजा जायेगा। परीक्षा से एक दिन पहले स्कूलों को प्रश्न उपलब्ध कराया जायेगा। इधर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता नसीम अहमद ने परीक्षा की प्रक्रिया पर आपत्ति जतायी है।उन्होंने कहा कि जेसीइआरटी द्वारा दिये गये निर्देश के अनुरूप प्रश्न ब्लैक बोर्ड पर लिख कर या फिर फोटो कॉपी करा कर बच्चों को उपलब्ध कराने को कहा गया है। उन्होंने कहा है कि ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिखकर परीक्षा लेने में विद्यार्थी को काफी परेशानी होती है। कक्षा में पीछे बैठने वाले विद्यार्थी को प्रश्न पढ़ने में परेशानी होती है। उन्होंने कहा है कई ऐसे विद्यालय हैं, जहां बच्चों की संख्या 500 तक हैं, ऐसे में इन विद्यालयों में प्रश्न पत्र का फोटो कॉपी कराने में भी काफी परेशानी होगी। उन्होंने कहा है कि अधिकतर स्कूलों में अनुदान राशि भी समाप्त हो गयी है। उन्होंने कहा है इस प्रकार परीक्षा लेने से बेहतर था कि विद्यालय स्तर पर ही परीक्षा की प्रक्रिया पूरी की जाती।



## शाश्वत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन में होली मिलन समारोह

**रांची:** होली के शुभ अवसर पर शाश्वत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन रांची झारखंड के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य ने की जबकि कार्यक्रम समन्वय की जिम्मेदारी डॉक्टर परमिंदर कौर की थी। प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिन्हा के निर्देशन मे सभी शिक्षक, कर्मचारिगण एवं बीएड सत्र 2023-2025, 2024-2026 के प्रशिक्षुओ ने मिलकर जमकर होली मनाया और सहभोग का आनंद भी लिया। मौके पर इस कार्यक्रम में रांची के जाने-माने फूड ब्लॉगर एवं यूट्यूबर दलबीर सिंह एवं छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप मे अपनी टीम के साथ उपस्थित हुए। जिन्होंने कार्यक्रम की जमकर तारीफ की साथ ही होली की सभी को बधाई दी। उक्त जानकारी शिवकिशोर ने दी।

## कारोबारी बिपिन मिश्रा पर हमले के तीन आरापी धराये

**रांची:** बरियातू रोड में सात मार्च को कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर हमला करने वाले तीन अपराधियों को रांची पुलिस ने पकड़ा है। उन्हें राज्य के बाहर से पकड़ा गया है। अपराधियों की निशानदेही पर बाइक मुहैया कराने वाले को हिरासत में लिया गया है। गौरतलब है कि सात मार्च को बरियातू गर्ल्स स्कूल के समीप बिपिन मिश्रा बूटी मोड़ की ओर अपनी कार मोड़ रहे थे। उसी समय अमन साहू के दो गुर्गों ने उन पर हमला किया था। जबकि तीसरा अपराधी गली में बाइक लेकर खड़ा था। हमला करने के बाद गली से अंदर-अंदर वे लोग डीआइजी ग्राउंड, कोकर होते हुए बूटी मोड़ की ओर भाग गये थे। हमला के बाद डीआइजी सह एसएसपी ने सिटी एसपी के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया था। इसमें कुछ छह टीम थी। जो टीम राज्य के बाहर गयी हुई है, उसी टीम ने इनलोगों को पकड़ा है। हालांकि एसएसपी ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

# वक्फ संशोधन बिल 2024 वापस लेने की मांग आमया संगठन ने जारी किया गुजारिश नामा



**संवाददाता**

**रांची:** वक्फ अधिनियम 1995 में केन्द्र सरकार द्वारा लाये गए गैर जरूरी संशोधन, वक्फ संशोधन बिल 2024 वापस लेने की मांग को लेकर आमया संगठन द्वारा गुजारिश नामा जारी किया गया।

गुजारिश नामा में केन्द्र सरकार द्वारा लाये गये वक्फ संशोधन बिल को संविधान की मूल भावना के साथ समानता के अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ बताते हुए इसे वापस लेने की मांग किया गया।

आमया संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने कहा कि देश में जो वक्फ की सम्पति है अधिकतर मुस्लिम समुदाय द्वारा दान किया गया, जिसमें मस्जिद, मदरसा, ईदगाह, मजार, मकबरा, दरगाह, खानकाह, कब्रिस्तान, मुसाफिरखाना, शैक्षणिक संस्थान आदि है जो वर्षों से स्थापित है।

वही बहुत सी वक्फ सम्पत्ति राजा-महाराजा, नवाब, जमींदार, ओहदार द्वारा भी दिए गये है ।

**संशोधितबिल में :**

(1)सर्वेक्षण आयुक्त के स्थान पर कलेक्टर को लाया गया है और उन्हें वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण का अधिकार दिया गया है।

(2)वक्फ के तौर पर चिन्हित संपत्तियां जो सादे कागज पर या मौखिक है वो वक्फ नहीं रहेंगी, ऐसी संपत्तियों के स्वामित्व का निर्धारण कलेक्टर द्वारा किया जाएगा।

(3) केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड की संरचना में बदलाव करता है उनमें गैर मुस्लिम सदस्यों को शामिल किया गया है, जबकि हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड और सिख बंदोबस्ती को प्रशासित करने वाले संस्थानों में उनके धर्मों के ही सदस्य होते हैं।

(4) वक्फ ट्रिब्यूनल्स से मुस्लिम कानून के विशेषज्ञों को हटाने से वक्फ संबंधी संपत्तियों का निवारण प्रभावित होंगें।

(5) बिल वक्फ के निर्माण को कम से कम पांच वर्ष तक इस्लाम का पालन करने वाले व्यक्तियों तक सीमित कर दिया है।

ऐसे कई गैर जरूरी संशोधन केन्द्र सरकार द्वारा लाया गया है जो वक्फ एक्ट और वक्फ बोर्ड को कमजोर करता है ये कही से भी न्याय उचित नही है और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है।

कार्यक्रम में आमया संगठन के केन्द्रीय पदाधिकारी जियाउद्दीन अंसारी, नौशाद आलम, मौलान फजलूल कदीर, इमरान अंसारी, शाहिद अफरोज, एकराम हुसैन, अब्दुल गफ्फार, जावेद अख्तर, अंजुम खान, सईद अंसारी, इमरोज अंसारी, अफसर आलम, इमरान जिलानी, फिरोज अंसारी, जुबैर अंसारी व अन्य शामिल थे।

# यौन शोषण के आरोपी को जेल



**संवाददाता**

**रांची:** सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ने वाली 17 साल की छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी शिवम कुमार(20 वर्ष) उसी कॉलेज का छात्र है। आरोपी ने छात्रा के साथ जान-पहचान का फायदा उठाकर धोखे से शारीरिक संबंध बनाए और उसका वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपी ने वीडियो को वायरल करने का भय दिखाकर छात्रा का यौन शोषण किया और घर से जेवरात लाने के लिए दबाव बनाया। छात्रा ने घर से चुराकर लगभग 12 लाख के जेवरात आरोपी को दिए। इसके बाद भी आरोपी ने और पैसों की मांग की। तंग आकर छात्रा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज की और जैनामोड़ से उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



# श्रीराम वानर सेना की वार्षिक बैठक कल

**रांची:** श्रीराम वानर सेना की वार्षिक बैठक प्रधान कार्यालय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, मेन रोड,रांची में कल दिन मंगलवार समय 1 बजे आयोजित की गयी है। बैठक मे रामनवमी कि झाँकी एबम जुलूस को सफल आयोजन के लिए विचार-विमर्श किया जायेगा। इसलिए आप सभी पदाधिकारी से अनुरोध है कि बैठक मे सम्मलित होकर रामनवमी को सफल बनाने मे सहयोग करे।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन गिरफ्तार



**संवाददाता**

**रांची:** अरगोड़ा पुलिस ने खरसीदाग ओपी क्षेत्र के भुसुर स्थित एक गैराज में छापा मारकर चोरी की एक आर-15 मोटरसाइकिल के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अमन कुमार (25 वर्ष) एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के चंदाघासी का रहनेवाला है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के पहले वह गैराज लाया था, ताकि बाइक का लॉक व आगे का हिस्सा बदल दे। उसने बताया कि न्यू पीपरटोली निवासी और जोमैटो में काम करने वाले संतोष लकड़ा के साथ मिलकर वह बाइक चोरी करने का काम करता है। चोरी की बाइक बेचने के एवज में वह हमें अच्छा कमीशन देता है। चोरी की बाइक बेचने के आरोप में संतोष लकड़ा पहले भी जेल जा चुका है। इसके बाद अमन की निशानदेही पर चंदाघासी में छापेमारी कर चोरी की आरसी 200 केटीएम बाइक बरामद की गयी। वहां से चोरी की बाइक के साथ 19 वर्षीय समीर तिर्की को पुलिस ने पकड़ा। इसके बाद अमन व समीर की निशानदेही पर संतोष लकड़ा के पीपरटोली स्थित किराये के घर की तलाशी ली गयी। इस दौरान वहां से चोरी की तीन मोटरसाइकिल, कटर, टूल्स व विभिन्न मोटरसाइकिल के पाट्र्स के साथ संतोष लकड़ा को गिरफ्तार किया गया। संतोष लकड़ा मूल रूप से गुमला के टोटो का रहनेवाला है।


# फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, 19 मार्च से बारिश की संभावना

**बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से झारखंड में होगी बारिश**

**संवाददाता**

**रांची:** एक बार फिर से राज्य में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से झारखंड में बारिश होगी। मौसम विभाग के अनुसार, 17 मार्च यानी आज से आकाश में आंशिक बादल छाने लगेंगे, और 19 मार्च से राज्य में गरज के साथ बारिश की संभावना है, और यह 22 मार्च तक जारी रह सकता है।

**17 से 22 मार्च तक बारिश की संभावना:** मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि 17 और 18 मार्च को आकाश में आंशिक बादल रहेंगे, लेकिन इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। वहीं, 19 और 20 मार्च को दक्षिणी, उत्तर पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भाग में गरज के साथ बारिश हो सकती है। 21 और 22 मार्च को भी बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि, मौसम विभाग ने इस बाबत कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की है।





**19 मार्च से बदलेगा झारखंड का मौसम:** मौसम विभाग ने कहा है कि 19 मार्च से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। 19 और 20 मार्च को झारखंड में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 21 और 22 मार्च को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

**7 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार:** मौसम विभाग ने सलाह दी है कि भीषण गर्मी में लोग दिन में 12 बजे से 3 बजे के बीच बहुत जरूरी नहीं हो, तो घर से न निकलें। अपने पालतू जानवरों को भी इस दौरान गर्मी से बचाने के उपाय करें। राज्य के 7 जिलों का तापमान 40 डिग्री से अधिक हो चुका है।

**गर्म हवाओं की वजह से मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट:** कई जिलों में गर्म हवाओं की वजह से हीट वेव का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में रविवा को उच्चतम तापमान 40।6 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया, जो सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

डाल्टेनगंज में का पारा 37।6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4।4 डिग्री अधिक है। बोकारो थर्मल में यह 36।5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है।

**रांची के अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट:** राजधानी रांची का उच्चतम तापमान 37 डिग्री से घटकर 36।6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5।7 डिग्री ज्यादा है। यहां का न्यूनतम तापमान 20।6 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है।

**मौसम में बदलाव से लोगों को राहत:** तापमान में इस वृद्धि के बीच, आगामी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि इस बदलाव से तापमान में गिरावट आ सकती है और मौसम की उमस भी कम हो सकती है।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## आशंकाओं के बीच आश्वस्ति

**इंड़सइंड़** बैंक को लेकर आशंकाओं के बीच केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहकों और निवेशकों को आश्वस्त किया है कि इंड़सइंड़ बैंक की वित्तीय स्थिति मजबूत और स्थिर है और इस पर उसकी बारीकी से नजर बनी हुई है। ग्राहकों और निवेशकों को यह भी सलाह दी है कि वे अटकलों पर अति प्रतिक्रिया जतलाने से बचें। केंद्रीय बैंक ने इंड़सइंड़ बैंक के निदेशक मंड़ल को भी निर्देश दिया है कि वह चालू तिमाही के दौरान बैंक द्वारा घोषित अकाउंटिंग में 2,100 करोड़ रूपये की भारी गड़बड़ी के रहस्योद्घाटन के बीच सुधारात्मक कार्यवाही पूरी करे। दरअसल इंड़सइंड़ बैंक ने लेखांकन में गड़ब़ड़ी का इसी सप्ताह खुलासा किया था। इससे बैंक के निबल मूल्य पर 2.35 प्रतिशत असर पड़ऩे का अनुमान है। खुलासे के तुरंत बाद बैंक के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। इससे शंका पैदा हो गई कि ग्राहकों और निवेशकों में अफरातफरी न फैल जाए। ऐसा होता तो समूचे बैंकिंग क्षेत्र पर नकारात्मक असर का अंदेशा होगा। बैंकिंग क्षेत्र की बुनियाद ही विश्वास है और इसी पर बैंकिंग के कार्यकलाप निष्पादित किए जाते हैं। यदि विश्वास डगमगाया तो मान कर चलिए कि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र इसकी चपेट में आ सकते हैं। कई देशों में ऐसा हुआ है कि बैंक पर विश्वास डगमगाते ही बैंक के बाहर ग्राहकों की लाइन लग गयी। ग्राहक का मन विचलित होते ही जो हालात बनते हैं उन्हें साजगार बनाने में अरसा लग जाता है। केंद्रीय बैंक की भूमिका ऐसी परिस्थितियां बनाए रखने की होती है कि जो बैंकिंग क्षेत्र को विकासमान रख सकें। यही रिजर्व बैंक कर रहा है। वह हर हाल में बैंक के हितधारकों का बैंक में विश्वास बनाए रखना चाहता है। इंड़सइंड़ बैंक के लिए ही नहीं बल्कि समूचे बैंकिंग क्षेत्र और अर्थव्यवस्था के लिए स्थितियों को सहज बनाए रखना चाहता है। दरअसल, अटकलबाजियों का दौर शुरू हो जाने पर स्थिति हाथ से निकल जाने का अंदेशा होता हैङ्क और ग्राहकों और निवेशकों की विश्वास बहाली कठिन हो जाती है। जमाकर्ता किसी बैंक में विश्वास के चलते ही अपनी बचत और धन वहां जमा करते हैं,लेकिन हड़कंप जैसे हालात में उनके लिए संभव नहीं रह जाता कि बैंक की तरफ रुख करें। ऐसे में बैंकिंग कारोबार पर विपरीत असर पड़. सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियां शिथिल पड् सकती हैं। अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र परस्पर निर्भर होते हैं। बैंकिंग भी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण क्षेत्र है जिसमें घबराहट और अटकलबाजियों का माहौल कहर बरपा सकता है।

## विश्व वायु गुणवत्ता चिंताजनक

**स्विस** टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यूएअर द्वारा हर साल संकलित विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के निराशाजनक निष्कर्ष एक वार्षिक अनुष्ठान बन गए हैं। 2024 का संस्करण, जिसने 138 देशों के 8,954 स्थानों पर 40,000 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों से डेटा एकत्र किया, भारत और दुनिया के लिए कुछ समान रूप से परेशान करने वाले रुझान प्रकट करता है। 2024 की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि भारत ने 2023 में तीसरे सबसे प्रदूषित देश से अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और 2024 में चाड, बांग्लादेश, पाकिस्तान और कांगो के बाद पांचवें सबसे प्रदूषित देश में आ गया है, फिर भी यह दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से छह रखने का रिकॉर्ड रखता हैः राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली वैश्विक स्तर पर सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बनी हुई है। भारत की वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है भले ही नई दिल्ली का वार्षिक औसत पीएम2.5 सांद्रता 91.6 यूजी/एम3 है, लेकिन 128.2 यूजी/एम3 प्रदूषण स्तर के साथ यह बनीर्हाट से आगे निकलकर सबसे प्रदूषित भारतीय शहर है। असम-मेघालय सीमा पर स्थित यह कम ज्ञात शहर अनियंत्रित औद्योगीकरण, अनियमित उत्सर्जन, निर्माण और वनों की कटाई से अभिभूत है। यह दशार्ता है कि वायु प्रदूषण पर भारत का महानगर-केंद्रित प्रवचन जांच के लायक है क्योंकि यह बीमारी छोटे शहरों, कस्बों और यहां तक ??कि गांवों पर भी समान रूप से खतरनाक असर डाल रही है। भारत में परेशान करने वाली स्थिति वास्तव में वैश्विक तस्वीर के अनुरूप है। अध्ययन किए गए 138 देशों में से केवल सात देश ही हल्ड के अनुशंसित स्तर 5 यूजी/एम3 को पूरा करते हैं। भूराजनीतिक रिवर्स निक्सन, भू-आर्थिक निक्सनवाद सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर बढ़ते प्रदूषण का बोझ बहुत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के कारण गंभीर बीमारियों, स्वास्थ्य सेवा लागत में वृद्धि और उत्पादकता में कमी के अलावा भारत में जीवन प्रत्याशा में अनुमानतः 5.2 वर्ष की कमी आई है। अर्थव्यवस्था पर इसके हानिकारक प्रभाव भी उतने ही गंभीर हैं। लैंसेट प्लेनेटरी हेल्थ में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया था कि वायु प्रदूषण के कारण होने वाली फेफड़ों की बीमारियों ने भारत में कुल आर्थिक नुकसान में सबसे अधिक, 36.6% हिस्सा लिया। इस वर्ष के डब्ल्यएक्यूआर से जो व्यापक निष्कर्ष निकाला जा सकता है, वह यह है कि वायु प्रदूषण को रोकने के लिए लागू किए गए उपायों की भरमार के बावजूद - भारत का राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम इसका एक उदाहरण है - हस्तक्षेपों में बहुत कुछ कमी रह गई है। सुधारात्मक कदम महत्वपूर्ण हैं। लेकिन उनकी प्रभावशीलता वायु प्रदूषण से निपटने के लिए राजनीतिक और सार्वजनिक इच्छाशक्ति पर निर्भर है। फिलहाल दोनों में से कोई भी बहुत अधिक नहीं है। उदाहरण के लिए, दिल्ली विधानसभा चुनावों में, मैदान में उतरे तीन प्रमुख दलों में से केवल एक ने अपने घोषणापत्र में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कदम शामिल किए। भारत में, चुनावी प्रतिबद्धताओं और उनके कार्यान्वयन के बीच अक्सर एक खाई होती है। जब तक वायु प्रदूषण जन दबाव के कारण चुनावी मुद्दा नहीं बन जाता, तब तक भारत में इस जहर के कारण लोगों की जान जाती रहेगी।

# पितृसत्तात्मक व्यवस्था को चुनौती देती महिलाएं

> ऐतिहासिक रूप से देखें तो भारत की महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव की वाहक रही हैं। रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, सरोजिनी नायडू जैसी विभूतियों ने स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक सुधारों में अग्रणी भूमिका निभाई। आधुनिक भारत में कल्पना चावला, मैरी कॉम, पीवी. सिंधु, किरण मजूमदार शॉ और स्नेहा दुबे जैसी महिलाओं ने पुरुष प्रधान क्षेत्रों में अपना वर्चस्व साबित किया है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था केवल एक सामाजिक संरचना नहीं है, बल्कि यह एक मानसिकता भी है जो महिलाओं को सीमित करने का प्रयास करती है। यह व्यवस्था उन्हें घरेलू भूमिकाओं तक सीमित रखने, उनके करियर विकल्पों को नियंत्रित करने और उनके निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करने का काम करती है।

**सिकंदर बंसल**

फ्रेंच लेखिका सिमोन द बोउवार के अनुसार कोई महिला बनकर पैदा नहीं होती, बल्कि वह एक महिला बनती है। यह कथन ना हमारी सामाजिक व्यवस्था को बताता है, बल्कि पितृसत्तात्मक के साथ वर्चस्व की लड़ाई की भी हिमाकत करता है। महिला दिवस न केवल महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर है, बल्कि उनके संघर्षों और सामाजिक परिवर्तन में उनके योगदान को भी स्वीकार करने का दिन है। महिला दिवस विश्वभर में महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और अधिकारों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। यह दिन लैंगिक समानता, महिलाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त करने और उनके सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक योगदान को पहचानने का अवसर प्रदान करता है। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एक ऐसा समाज बनाना है जहां महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिले। इस दिन विभिन्न कार्यक्रम, सेमिनार, चचाएं और रैलियां आयोजित की जाती हैं, जो महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने पर जोर देती हैं। महिला दिवस का इतिहास 20वीं शताब्दी की शुरूआत से जुड़ा है, जब महिलाओं ने अपने अधिकारों, बेहतर कार्य स्थितियों और मतदान के अधिकार के लिए आंदोलन शुरू किए। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया गया, क्योंकि 1917 में रूस की महिलाओं ने इसी दिन एक बड़ी हड़ताल की थी, जिससे वहां क्रांति का मार्ग प्रशस्त हुआ।

यह दिन न केवल महिलाओं की प्रगति का जश्न मनाने का अवसर है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि अभी भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं, जिन्हें हल करने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत में जहां पितृसत्तात्मक संरचनाएं गहरी जड़ें जमा चुकी हैं, वहीं महिलाओं ने समय-समय पर इन व्यवस्थाओं को चुनौती देते हुए अपनी पहचान स्थापित की है। महिलाओं की स्थिति में ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण बदलाव आए हैं। पहले जहां समाज में उन्हें केवल घरेलू भूमिकाओं तक सीमित रखा जाता था, वहीं आज वे विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, खेल, व्यापार और टेक्नोलॉजी में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है। यह बदलाव महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में किए गए संघर्षों और आंदोलनों का परिणाम है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था का सामना करने के लिए महिलाओं ने विभिन्न तरीकों से संघर्ष किया है। सबसे पहले शिक्षा को प्राथमिकता दी गई, जिससे महिलाओं को अपनी स्थिति सुधारने और अधिकारों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला। 19वीं और 20वीं सदी में हुए नारीवादी आंदोलनों ने महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उदाहरण के रूप में, भारत में सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया, जिससे लड़कियों के स्कूल शुरू किए गए। अमरीका में सुसान बी. एंथनी और एलिजाबेथ कैडी स्टैंटन ने महिलाओं को वोटिंग अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन किया। आधुनिक समय में, मलाला यूसुफजई ने बालिका शिक्षा के अधिकार के लिए अपनी आवाज उठाई और नोबेल पुरस्कार जीता। आज महिलाएं राजनीति में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बन रही हैं, कॉर्पोरेट जगत में शीर्ष पदों पर पहुंच रही हैं, खेलों में विश्व रिकार्ड बना रही हैं और विज्ञान व तकनीक में क्रांतिकारी खोज कर रही हैं। हालांकि, अभी भी लैंगिक असमानता, वेतन में भेदभाव और हिंसा जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं, जिनका निरंतर समाधान निकालना आवश्यक है।

ऐतिहासिक रूप से देखें तो भारत की महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव की वाहक रही हैं। रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, सरोजिनी नायडू जैसी विभूतियों ने स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक सुधारों में अग्रणी भूमिका निभाई। आधुनिक भारत में कल्पना चावला, मैरी कॉम, पीवी. सिंधु, किरण मजूमदार शॉ और स्नेहा दुबे जैसी महिलाओं ने पुरुष प्रधान क्षेत्रों में अपना वर्चस्व साबित किया है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था केवल एक सामाजिक संरचना नहीं है, बल्कि यह एक मानसिकता भी है जो महिलाओं को सीमित करने का प्रयास करती है। यह व्यवस्था उन्हें घरेलू भूमिकाओं तक सीमित रखने, उनके करियर विकल्पों को नियंत्रित करने और उनके निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करने का काम करती है। लेकिन महिलाओं ने इन बाधाओं को तोड़ते हुए हर क्षेत्र में खुद को सिद्ध किया है। शिक्षा और जागरूकता ने महिलाओं की स्थिति को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिलाओं की बढ़ती शिक्षा दर ने उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को संभव बनाया है। कार्यस्थलों पर लैंगिक समानता के लिए संघर्ष, घरेलू हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाना तथा राजनीति में बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं पितृसत्ता की जड़ों को हिला रही हैं। कानूनी सुधारों और सरकारी योजनाओं ने भी महिलाओं के उत्थान में योगदान दिया है।

हालांकि, केवल कानूनों से मानसिकता नहीं बदलती, इसके लिए निरंतर सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता है। महिला दिवस केवल एक दिन की औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे महिलाओं की उपलब्धियों को स्वीकार करने और उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बनाना चाहिए। जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानकर अपनी सीमाओं को लांघती हैं, तो वे न केवल स्वयं को सशक्त करती हैं, बल्कि समाज में एक बड़ा बदलाव भी लाती हैं। भारत में महिलाओं की यह प्रगति साबित करती है कि वे किसी भी पितृसत्तात्मक व्यवस्था से कहीं अधिक सशक्त और समर्थ हैं। महिलाओं को उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण की ओर

बढ़ावा देना आवश्यक है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और आर्थिक निर्णयों में भागीदारी कर सकें। परिवार और समाज को महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी और उन्हें सहयोग देना होगा, ताकि वे आगे बढ़ सकें।

# मजबूत घरेलू मांग की नई अहमियत

> इवॉल्यूशन रिपोर्ट के मुताबिक भारत का उपभोक्ता बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। भारत के उपभोक्ता बाजार में जो निजी खपत वर्ष 2013 में 87 लाख करोड़ रुपए मूल्य की थी, वह वर्ष 2024 में दोगुनी से भी अधिक 183 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकल गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2026 में भारत तेजी से बढ़ती खपत के कारण दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन जाएगा। नि:संदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

यकीनन इस समय जब अमेकिी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ मार से बचने के लिए दुनिया के देश अलग-अलग रणनीतियां अपना रहे हैं, ऐसे में ट्रंप के टैरिफ की मार से मुकाबला करने के लिए भारत की मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरकर दिखाई दे रही है। निश्चित रूप से इस समय देश के उपभोक्ता बाजारों में तेजी से बढ़ती खपत भारत के लिए ट्रंप के टैरिफ से जंग में मजबूत हथियार है। हाल ही में 27 फरवरी को डेलॉयट इंडिया और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) के द्वारा जारी इंडियाज डिस्क्रेशनेरी स्पेंड इवॉल्यूशन रिपोर्ट के मुताबिक भारत का उपभोक्ता बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। भारत के उपभोक्ता बाजार में जो निजी खपत वर्ष 2013 में 87 लाख करोड़ रुपए मूल्य की थी, वह वर्ष 2024 में दोगुनी से भी अधिक 183 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकल गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2026 में भारत तेजी से बढ़ती खपत के कारण दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन जाएगा। निःसंदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में प्रकाशित द राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढकर 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और 2047 तक यह संख्या बढकर 102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपए की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है। रिसर्च फर्म कांतार की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2030 तक सालाना 10 हजार डॉलर से अधिक आय वाले भारतीयों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। यह 2024 में लगभग 6 करोड़ थी, जो 2030 तक 16.5 करोड़ होगी। निश्चित रूप से नए टैरिफ युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत का मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्यम वर्ग की मुठ्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपने दिखाई दे रहे, उनके कारण जहां दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। वैश्विक खुदरा सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर पसार रही हैं। प्रौद्योगिकी लेकर परिधान, सौंदर्य, फैशन और मनोरंजन क्षेत्र के दिग्गज ब्रांड अब भारत के बड़े महानगरों से होते हुए टियर-2 और टियर-3 शहरों की तरफ बढ़ चले हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत घरेलू मांग की मजबूती से दुनिया में सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पिछले 10 वर्षो में खपत बढ़ने की दर सबसे अधिक भारत में ही रही है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.2 फीसदी रही है। भारत की यह विकास दर चीन, अमेरिका, इंडोनेशिया, ब्राजील जैसे तमाम विकसित व विकासशील देशों की तुलना में अधिक है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में 27 फरवरी को वर्ल्ड बैंक ने अपनी ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था को निवेश और खपत के मद्देनजर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बताया है। वर्ल्ड बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कोउमे ने कहा कि अगर कोई भारत के आर्थिक आंकड़ों से चिंतित है, तो हम कहना चाहेंगे कि चिंता न करें। भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक चमकता सितारा है। भारत सरकार की नीतियों से बढ़ती खपत और बढ़ते निवेश भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। चूंकि घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है, अतएव निश्चित रूप से एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाला वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री के द्वारा टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दी है। वित्तमंत्री ने मजबूत वित्तीय मुठ्ठी से आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभान्वित किया गया है। नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हों। वित्तमंत्री ने नए बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की, जिसके तहत 12 लाख रुपए तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी हैं। निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। निःसंदेह इस समय जब ट्रंप के टैरिफ वार की आशंका से दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है, तब दुनिया में होते इस बदलाव के मद्देनजर हमें भी भारत के आर्थिक और कारोबारी हितों को सबसे पहले और सबसे ऊपर रखना होगा।

इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की चमकती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी। निःसंदेह ट्रंप की टैरिफ संबंधी नई चुनौतियों के बीच भारतीय नीति निमार्ताओं के द्वारा ट्रंप प्रशासन की नीतियों से भारत पर होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावों का सतत मूल्यांकन करते हुए मजबूत घरेलू मांग की ताकत के आधार पर रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा।

## प्रेम

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

### चिंतन-मनन

मनुष्य अपने आपको नहीं पहचान पाता है। वास्तव में जो कुछ वह किया करता है उसी से कायार्नुसार दंड व यश का भागी बनता है। अब सब कुछ मनुष्य मात्र पर ही रह जाता है। यदि मनुष्य स्वतः को सुधार लेता है तो वह सबको सुधार सकता है परन्तु जब वह स्वतः नहीं सुधरेगा तो दूसरों को कैसे सुधार सकता है। नियमों का विधान पालन करने के लिए ही बनाया जाता है। जब उन विचारों का उल्लंघन किया जाता है तब मनुष्य अपने कर्त्तव्य से च्युत हो जाता है तब उसे उस अवस्था में दंड प्राप्त होता है। यहां प्रधानता मनुष्य के कर्मों की ही है। वह कमार्नुसार ही फल को प्राप्त होता है। भगवान सबसे प्रेम करते हैं। भगवान की मान्यता ही मानवता का आधार है। चाहे कितनी ही बाधाएं सामने क्यों न खड़ी हों यदि मनुष्य प्रेमपूर्वक उनका अभिनन्दन कर प्रेम स्वरूप प्रभु का मंगल विधान समझ अपने पथ पर दृढ़ होकर डटा रहता है,तो उसका विकास सदैव सही मार्ग से ही होता है। मनुष्य के लिए कर्त्तव्य की जो सीमा निर्धारित की गई है, उसके पालन के लिए न तो कोई विशेष प्रयत्न ही आवश्यक है, और न कोई साधना की, सीधा पथ है,उस प्रभु का आधार। सब कठिनाइयों का प्रेमपूर्वक स्वागत करें तो आप उन्हें अवश्य जीत सकेंगे। भारी से भारी विपत्ति ही क्यों न हो, हमें उसका प्रेमपूर्वक अभिनन्दन करना चाहिए। भगवान के प्रत्येक विधान में हमारा मंगल भरा है। आज जो विपत्ति और बाधाएं हमारे सामने हैं, उनसे मुंह मोड़ने और भागने की आवश्यकता नहीं है। उनका आविर्भाव तो हमारे कल्याण के लिए ही हुआ है। हो सकता है कि हमारे पूर्व जन्म के कर्मों के कारण उपलक्ष के ही वे हमें प्राप्त हो रही हों। हमें कब और किस समय कौन सी वस्तु की आवश्यकता होती है, यह वे अंतयार्मी परम प्रभु स्वतः जानते हैं। परम पिता हमें कितना अपार स्नेह देते हैं,यदि वह रहस्य हम समझ जाएं तो सुख और दुख,शांति, अशांति,दोनों ही हमारे लिए समान हो जाएंगे तथा यश और दंड का भेद ही न रह जाएगा। अपने परम शुभ चिंतक मंगलमय भगवान के प्रत्येक विधान में हमें सदा प्रसन्न रहना चाहिए तथा सबसे प्रेम का व्यवहार कर प्रेम स्वरूप प्रभु को समझने का प्रयत्न करना चाहिए। कहना यह कि प्रेम ही परमात्मा है,और परमात्मा ही प्रेम है।

## आपके पत्र

### नशे के खिलाफ जागरूकता जरूरी

हर तीसरे दिन कोई न कोई युवा नशे की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहा है। ऐसे में सरकार को इसके खिलाफ सख्त कदम उठाकर ऐसे लोगों पर शिकंजा कसना होगा, जो बाहर से नशीले पदार्थों को लाकर प्रदेश के युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। नशा तस्करी से जुड़े तमाम लोगों को गिरफ्तार करके उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए ताकि हिमाचल प्रदेश में नशे के कारोबार को खत्म किया जा सके और युवाओं को नशे से बचाया जा सके।

इसके अलावा स्कूलों, कालेजों, विश्वविद्यालयों तथा समाजसेवी संगठनों के सहयोग से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना भी जरूरी है। हमारा युवा गुमराह हो रहा है और वह नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है। ऐसे में युवाओं को नशे से होने वाली भारी तबाही के बारे में जागरूक करना होगा।

**अमित बंसल, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
**www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### एक युवक ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बायसी स्थान निवासी बलदेव मंडल के 19 वर्षीय पुत्र छगगु मंडल को एक युवक ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल छगगु ने बताया कि हम अपने दुकान बंद कर घर जा रहे थे।तभी बगल के रहने वाले विक्की सिंह ने देशी कट्टा के बट से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही किसी तरह जान बचाकर शिकायक के लिए नगर थाना पहुंचे। नगर थाना पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।इधर पुलिस मामले कि छानबीन कर रहा था।

### मारपीट में एक घायल

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बास्कोला निवासी गंगा राम मंडल के 16 वर्षीय पुत्र सोयल मंडल को झगड़ा छुड़ाने के दौरान चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वही परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर कुलदीप कुमार गुप्ता ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।वही घायल सोयल मंडल ने बताया कि समधी समधी से झगड़ा हो रहा था। वही देखते झगड़ा मेरे बड़े भाई के पास आ पहुंचा जिससे छुड़ाने के दौरान दसरत ने पीछे से लाठी डंडा से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही सोयल मंडल के सर पर गंभीर चोट लगी है।पुलिस मामले कि छानबीन कर रही हैं

### बाइक की टक्कर से एक बच्ची घायल

साहिबगंजः तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर सकरीगली निवासी मनोज चौधरी के 4 वर्षीय पुत्र पिंकी कुमारी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही परिजनों ने आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।जहां डॉ तबरेज आलम ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।वही घायल पिंकी के पिता ने बताया कि घर के बाहर खेल रही थी।अचानक विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### सांड ने मारकर किया तीन लोगों को घायल

**साहिबगंजः** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत रिफ्यूजी कॉलोनी टाऊन हॉल के समीप सांड ने तीन लोगों को मारकर किया गंभीर रूप से घायल।वही घायल की पहचान सुदर्शन उम्र 60 वर्ष,राजन पासवान उम्र 74 वर्ष दोनों निवासी रिफ्यूजी कॉलोनी एवं बिपिन तांती उम्र 46 वर्ष साउथ कॉलोनी के रूप में हुई। वही तीनों घायल को राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।जहां ड्यूटी पर रहे डॉ प्रशांत कुमार के देख रेख में इलाज किया जा रहा है।

### टोटो पलटने से दो लोग गंभीर

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत साहिबगंज से बोरियो जाने के क्रम मे लोहड़ा के समीप टोटो पलटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल की पहचान मुन्ना मरांडी 27 वर्ष पिंडरा भगिया मंडरो व शांति मुर्मू उम्र 20 वर्ष कर्णपुरातो के रूप में हुए है। वही घायल को राहगीरों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।जहां ड्यूटी पर रहे डॉ केशव कृष्णा के देख रेख में इलाज किया गया ।वही घायल मुन्ना मरांडी ने बताया कि मैं और शांति मुर्मू टोटो से बोरियो दोस्त की शादी में जा रहे थे।वही रास्ता के बीच में एक बड़ा पत्थर से टक्करा गए।जिससे टोटो पलट गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### जेएससीए सीनियर क्रिकेट टूनार्मेंट के लिए टीम चयनित



**साहिबगंज :** जेएससीए सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्लेट ग्रुप टूनामेंट रणधीर वर्मा ट्रॉफी के लिए साहिबगंज जिला की टीम का रविवार को सिदो-कान्हू स्टेडियम में अंतिम रूप से चयन कर लिया गया। टीम में कुल 15 खिलाड़ी का चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा ने बताया कि साहिबगंज ग्रुप डी में शामिल है। जिसके सभी मैच देवघर में होंगे। यहां साहिबगंज के अलावे हजारीबाग, गिरिडीह व धनबाद की टीमें आपस में मुकाबला करेंगी। साहिबगंज का पहला मैच 19 मार्च को हजारीबाग व 20 को धनबाद व 22 को गिरिडीह के साथ होगा। टीम सोमवार की रात ट्रेन से रवाना होगी। मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, मो अशफाक आलम, राकेश गुप्ता, राकेश रोशन, सुरेश साह, सतीश सिन्हा, प्रभाकर कुमार सिंह उर्फ गुड्डा, चंदन यादव, सुमन सौरभ व अन्य मौजूद थे।

### पवन यादव को लगी गोली इलाज के लिए पहुंचा सदर अस्पताल



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज तीर टोला में छोटी-मोटी विवाद को लेकर एक पक्ष की ओर से गोली चलाया गया।जिसमें पवन कुमार नामक व्यक्ति के पैर में गोली लगी है। जख्मी व्यक्ति खतरे से बाहर है।इलाज हेतु पुलिस द्वारा सदर अस्पताल साहिबगंज भेजा गया है। वही मुफस्सिल थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का उद्भेदन कर लिया गया है।गोली चलाने वालों में से एक अभियुक्त विकास कुमार यादव पिता श्रीभगवान यादव ग्राम महादेवगंज को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। शेष अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर साक्ष्य संकलन किया जा रहा है।

### शराबी पति ने पत्नी की पीट पीट कर जान ली, गिरफ्तार

लातेहार : होली के मौके पर एक शराबी पति ने अपनी पत?नी की मामूली विवाद में लात घूसों से पीट कर हत्या कर दी. घटना लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के शीशाडीह ग्राम की है. जानकारी के मुताबिक जगदीश नगेसिया नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी सरिता नगेसिया की पीट-पीटकर हत्या कर दी. बताया जाता है कि शनिवार को होली के मौके पर जगदीश नगेसिया शराब के नशे में धुत घर पहुंचा. घर में पति- पत्नी के बीच किसी बात को ले कर विवाद हो गया. विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि जगदीश नगेसिया अपनी पत्नी को लात व घूसों से पीटने लगा. उसने अपनी पत?नी की इतनी बेरहमी से पिटाई की कि उसने दम तोड़ दिया.

# गिरिडीह हिंसा: रघुवर पहुंचे घोडथम्भा प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गिरिडीहः** जिले के घोडथम्भा में होली के जुलूस रोकने के बाद दो गुटों के बीच हुए पथराव का मामला राजनीतिक रंग ले चुका है. भाजपा इस मामले को लेकर राज्य सरकार के साथ साथ स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठा रही है.

रविवार शाम पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता रघुवर दास घोडथम्भा पहुंचे. यहां उन्होंने कई परिवार के लोगों से मुलाकात की. इसके बाद खोरी महुआ के एसडीएम से भी उन्होंने कई सवाल पूछे. यहां रघुवर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रशासन को निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए न की 10 लोग इस समुदाय तो दस लोग दूसरे समुदाय से गिरफ्तार कर भेजना चाहिए. यह बैलेंस पॉलिटिक्स है.



रघुवर दास ने कहा कि जब भी झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद की सरकार बनती है तो एक पक्ष के पर्व त्यौहार पर हमला होता है. इससे पहले रांची, लोहरदगा समेत दूसरे जिले में इस तरह की घटना घट चुकी है. उन्होंने कहा कि सड़क किसी की नहीं है. हम अपने पर्व त्यौहार सड़क-घर पर नहीं मनाएंगे तो कहां मनाएंगे, सद्भाव का ठेका सिर्फ एक समाज ने नहीं ले रखा है.

पीएफआई की भूमिका जांच प्रशासन

रघुवर दास ने कहा कि रंग और होली से किसकी दुश्मनी है. यह प्रशासन को देखने की जरूरत है. ये जो पीएफआई है जिसको हमारी सरकार ने प्रतिबंधित किया था. पीएफआई चाहता है समाज में सद्भाव नहीं रहे. समाज का माहौल खराब हो, दंगे फसाद हो तो प्रशासन को इस दिशा में जांच करने की जरूरत है. पूर्व में झारखंड में इस तरह घटना घटित हो चुकी हैं. उन्होंने कहा कि हर समाज में अमन पसंद लोग हैं जो इस घटना की निंदा कर रहे हैं. पुलिस भी निष्पक्ष जांच करें और दोषियों पर कार्रवाई हो ना की निर्दोष को जेल भेजा जाए.

### दो पक्षों में जमकर मारपीट छह लोग घायल

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरब टोला महादेवगंज में दो पक्षों मे जमकर कर मारपीट हो गई।जहां दोनों पक्षों से छः लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल में मंटू यादव ,सावित्री देवी एवं ओम प्रकाश यादव घायल है।वही दूसरे पक्ष से बेबी यादव एवं आदित्य कुमार पिता छोटू यादव भी गंभीर रूप से घायल है। वही घायल आदित्य कुमार ने बताया कि मैं अपने घर पर साइकिल खड़ा कर रहा था।वही अचानक मंटू सावित्री आया और हमें मारने लगा।हो हल्ला सुन मेरे पिता एवं मां आई उसे भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही दूसरे पक्ष के मंटू यादव ने बताया कि ये लोग जबरन खेत लगा मकई काट लिया। वही दोनों पक्षों ने अपनी शिकायत ले कर मुफस्सिल थाना पहुंचे।जहां से मुफ्फसिल थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई बाइक सवार दो युवकों की मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** जिले के रानीश्वर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर-बरमसिया पथ पर कदमा गांव के समीप रविवार शाम को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई है. मृत युवकों की पहचान शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के भोक्ताडीह गांव निवासी राजेश हांसदा (28 वर्ष) और चुड़का हेंब्रम (35 वर्ष) के रूप में की गई है.

पेड़ से टकराई बाइक

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक पर सवार होकर दोनों युवक जा रहे थे. इसी क्रम में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई. जिससे दोनों युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई. लोगों ने घटना की सूचना रानीश्वर थाना को दी. जानकारी मिलने के बाद रानीश्वर थाना से एसआई बीरबल राम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों युवकों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आजाद शेखर पंडित ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया.

आसनबनी बाजार जा रहे थे दोनों युवक

थाना से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के भोक्ताडीह गांव के रहने वाले थे. दोनों युवक बाइक से आसनबनी बाजार की ओर जा रहे थे . इसी क्रम में कदमा गांव के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए . वहीं दोनों युवक सड़क पर गिर गए. काफी खून बहने से दोनों की मौत हो गई.

थाना प्रभारी ने दी जानकारी

रानीश्वर के थाना प्रभारी बलराम सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हुई है. मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है. परिजनों के पहुंचने के बाद ही यह पता चल पाएगा कि दोनों युवक किस काम से घर से निकले थे. डेडबॉडी को कब्जे में लिया गया है. सोमवार को दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा जाएगा.

## केसामुदायिक भवन करणपुरातो में झारखंड मजदूर संघ प्रजा. की बैठक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/तालझारीः** प्रखंड केसामुदायिक भवन करणपुरातो में झारखंड मजदूर संघ प्रजा०की बैठक प्रखंड सहायक मंत्री तिलकाई मुर्मू के अध्यक्षता में हुई।बैठक में पंचायत कमेटी का गठन किया गया।वही पंचायत कमिटी का गठन संगठन के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव,प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मंडल, जिला सदस्य निखिल प्रसाद यादव की देख रेख में हुई।जहा सर्व समिति से झारखंड मजदूर संघ करणपुरतो पंचायत के अध्यक्ष-मुर्तजा अली.कार्यकारी अध्यक्ष दीजन यादव,उपाध्यक्ष पोआल मुर्मू,उपाध्यक्ष दुलार मुंडा,संयुक्त मंत्री सूरज मुर्मू, सहायक मंत्री मसीचरन हेंब्रम, सहायक मंत्री



गौतम मंडल, संगठन मंत्री मझला मुर्मू, कार्यालय मंत्री भूटन मुर्मू,, कोषाध्यक्ष मंगल टुडू,सदस्य गुड्डू दास को बनाया गया।बैठक में पंकज यादव,गोपाल प्रसाद,मरांग सोरेन इत्यादि,प्रखंड महामंत्री मरांग सोरेन,जेठा टुडू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### दो पक्षों मे मारपीट तीन युवक घायल

**साहिबगंज :** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़तल्ला मिर्जाचौकी निवासी अंतेश कुमार,रंजीत कुमार एवं राहुल कुमार को 15 से 20 युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही घायल किसी तरह जान बचाकर शिकायत के लिए मिर्जाचौकी पहुंचा जहां से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।वही सदर अस्पताल में ड्यूटी पर रहे डॉक्टर ऋतु राज ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।वही घायल अंतेश कुमार ने बताया कि मैं अपने मुहल्ले में होली खेल रहा था।वही बगल मोहल्ले के ओम बर्नवाल विशाल बर्नवाल,मोनू बर्नवाल एवं अन्य 15 से 20 युवक आया और हमलोगों के साथ मारपीट करने लगा जिससे हम लोग घायल हो गए साथ ही डीजे भी तोड़ दिया। वही घायल अंतेश कुमार के बायां हाथ टूट गया है।राहुल एवं रंजीत को गंभीर चोट है।इधर पुलिस मामले कि छानबीन कर रही हैं।

## स्वास्थ्य शिक्षा के साथ व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा रहा है : पंकज मिश्रा



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** शहर के जेएन रॉय रोड स्थित सूर्या प्लाजा मोती महल होटल का उद्घाटन रविवार को जेएमएम के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा साहिबगंज कॉलेज पूर्व प्राचार्य मृदुला सिन्हा,डॉ विजय,डॉ सुमित सहित अन्य ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया।स्वास्थ्य शिक्षा के साथ व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा रहा है।पर्यटकों के रुकने के लिए होटल निर्माण किया गया है।डॉ विजय ने बताया कि शहरवासी की मांग के अनुरूप सूर्या प्लाजा का निर्माण करके मोती महल को फ्रेंचाइजी दिया गया है।

डॉ सुमित ने बताया कि 15 अलग अलग टाइप के कमरे,रेस्टोरेंट,बैंक्वेट हॉल है।बेहतर खाने की क्वालिटी,रहने की उत्तम व्यवस्था है।हमलोग लोकल लोगों को रोजगार मुहैया करा रहे है।होटल में ऑनलाइन ऑफलाइन बुकिंग की व्यवस्था है,रेस्टोरेंट में होम डिलेवरी की सुविधा है।मौके पर डॉ खुशबू प्रिया,चंद्रदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा,डॉ शकुंतला सहाय, पूर्व सीएम डॉ अरविंद कुमार,डॉ मुकेश,डॉ मोहन मुर्मू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एनएच-39 के गुरहा फ्लाईओर पर सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला थाने के गुरहा गांव के समीप एनएच फ्लाई ओवर पर लेन बदलने के दौरान एक टेम्पू की टक्कर ट्रक से हो गयी। ट्रक की टक्कर से टेम्पू पलटने से एक महिला की मौत हो गयी है जबकि एक बच्चा समेत अन्य पांच लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया है। मौके पर पहुंची रेहला पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक व सभी घायल विश्रामपुर थाने के नौगढा ओपी अंतर्गत लालगढ़ गांव के बताए जा रहे हैं। मौके पर पहुंचे रेहला थाने के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि ट्रक की टक्कर में टेम्पू पलटने से लालगढ़ को जगवंती देवी(55 ) की मौत घटनास्थल पर हो गयी है जबकि अविनाश कुमार, मनीष कुमार,अनिता देवी व अंश पटेल गंभीररूप से घायल हैं जिन्हें इलाज के लिए गढवा सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना में नाबालिक अंश पटेल फ्लाई ओवर से नीचे गिर गया था। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस शव कोकब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं मृतक के घर वाले भी घटनास्थल पर पहुँच गए हैं।

### सांप काटने से व्यक्ति मूर्छित

**साहिबगंजः** गंगा नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर पीहरटोला गदाई दियारा निवासी लुखों चौधरी 45 वर्ष को किसी जहरीले सांप ने काट लिए।जिससे लिखो चौधरी गंभीर रूप घायल हो गया। वही परिजनों ने आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया ।जहां डॉ केशव कृष्णा के देख रेख में इलाज किया जा रहा है।वही घायल के परिजनों ने बताया कि लिखो चौधरी अपने खेत में घास काटने गया था। तभी घास के नीचे छिपे जहरीले सांप ने काट लिया। घबराहट में आ कर लिखो चौधरी ने दौड़ते हुए घर पहुंच इसकी जानकारी परिजनों को दिया।

## बड़े भाई ने छोटे भाई को पेट के पास दो बार चाकू से बार कर किया हत्या

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड के मिजाचौकी थाना क्षेत्र में बड़े भाई के द्वारा छोटा भाई की हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वारदात रविवार सुबह को तालेडीह गांव में हुई। दो भाइयों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि बड़े भाई ने छोटे भाई को पेट के पास दो बार चाकू से बार कर हत्या कर दिया। गंभीर रूप से जख्मी छोटे भाई की मौके पर मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बड़ा भाई को वारदात के बाद मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव गिरफ्तार कर लिया जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 9 बजे बड़ा भाई परगाना मरांडी अपने छोटे भाई सारु मरांडी 32 बर्ष के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। दोनों के बीच पहले से परिवारिक विवाद चल रहा था इसी बीच कहासुनी हुई। बात मारपीट तक पहुंच गई। फिर बड़े भाई ने छोटे पर चाकू से हमला कर दिया। मौत का घाट उतार




दिया घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग की भीड़ जुट गई। मिजाचौकी पुलिस प्रशासन द्वारा मृतक युवक का शव को पोस्टमार्टम के लिए लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज गया ।इसको लेकर मृतक की पत्नी 30 वर्षीय हंजी सोरेन ने अपने भसुर परगना मरांडी के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी है।

हत्या मामला में किया कहते हैं ग्राम प्रधान

ग्राम प्रधान बासु हेंब्रम ने बताया कि रविवार की सुबह नौ बजे बड़ा भाई परगाना मरांडी ने छोटा भाई सारु मरांडी को चाकु से मार कर हत्या कर दिया इन लोगों का पहले से लड़ाई झगड़ा पारिवारिक विवाद चल रहा था। तीन भाई था एक भाई बाहर रहता है। हत्या करने वाला बड़ा भाई है। मृतक युवक का एक पत्नी एक पुत्र हैं। हंसी सोरेन उम्र 30 बर्ष एक पुत्र उम्र लगभग 12 बर्ष है।

हत्या मामले में एसडीपीओ किशोर तीर्की ने किया कहा

मिजाचौकी थाना अंतर्गत तालेडीह गांव में एक हत्या का मामला प्रकाश आया है घटना स्थल पर पुलिस प्रशासन पहुंची देखा गया एक युवक मरा पड़ा है मृतक युवक का नाम सारु मरांडी है उन्हीं का बड़ा भाई परगाना मरांडी आपसी विवाद में झगड़ा लड़ाई होने के कारण सुबह करीब 9 बजे चाकु से मारकर हत्या कर दिया गया है। हत्यारा भाई परगाना मरांडी को मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी कर रही है। मिजाचौकी पुलिस प्रशासन द्वारा छानबीन में जुटी हुई है।



# आर. माधवन की फिल्म टेस्ट का नया टीजर रिलीज

**जाने-माने** अभिनेता आर. माधवन की आने वाली फिल्म टेस्ट का नया टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म टेस्ट का एक टीजर हाल ही में रिलीज हुआ था, जिसमें अभिनेत्री नयनतारा के किरदार का खुलासा हुआ। अब इस फिल्म का एक और टीजर सामने आया है, इसमें आर. माधवन के किरदार की झलक मिली है। इस फिल्म में अभिनेता सिद्धार्थ भी नजर आएंगे। फिल्म टेस्ट में आर. माधवन ने सरवनन नाम के व्यक्ति का किरदार किया है।वह काफी महत्वकांक्षी भी है। सरवनन के सामने कई तरह के संघर्ष हैं, चुनौतियां हैं, जिनका सामना उसे करना है।

आर. माधवन ने कहा, सरवनन एक ऐसा इंसान है, जो बहुत प्रतिभाशाली है। यह गुण उसकी ताकत भी है और यही उसके लिए मुश्किल भी खड़ी करता है। फिल्म में उसे अपने व्यवहार के कारण, महत्वकांक्षी होने के कारण एक बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ती है। इस कहानी से, किरदार से कई दर्शक खुद को जोड़ सकते हैं। मैं इंतजार कर रहा हूं कि कब नेटफ्लिक्स पर दर्शक फिल्म टेस्ट को देखें। फिल्म टेस्ट चार अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म को तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में दर्शक देख पाएंगे। फिल्म टेस्ट का निर्देशन एस शशिकांत ने किया है।

# एक्शन के साथ फिल्म में डांस का भी तड़का लगाएंगे सलमान, जल्द रिलीज होगा 'सिकंदर नाचे' गाना



**सलमान खान** की फिल्म सिकंदर इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही है। जैसे-जैसे रिलीज डेट करीब आ रही है वैसे-वैसे फिल्म से जुड़ी खबरें तेजी से सामने आ रही हैं। हाल ही में इसके दो गाने 'जोहरा जबीं' और 'बम बम भोले' रिलीज हुए थे। दोनों गानों को फैंस ने खूब पसंद किया था। वहीं, अब इसका तीसरा गाना आने को तैयार है। इस गाने का नाम 'सिकंदर नाचे' है।


सलमान खान ने दिखाई गाने की झलकः सलमान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर इसकी झलक दिखाई है। इसमें वह जोरदार बीट्स पर डांस करते दिखाई दे रहे हैं। गाने का अंदाज देखकर लग रहा है कि यह 2025 का बेस्ट पार्टी सॉन्ग बन सकता है।

**इन गायकों की सुनने को मिलेगी आवाजः** 'सिकंदर नाचे' को अमित मिश्रा, अकासा और सिद्धांत मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, इसका म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। डांस स्टेप्स मशहूर कोरियोग्राफर अहमद खान ने डिजाइन किए हैं। फिल्म में एक्शन पहले से ही चर्चा में है। अब डांस का तड़का इसे और शानदार बना रहा है।

**ये सितारे भी आएंगे फिल्म में नजर :** 'सिकंदर' में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी और सत्यराज जैसे सितारे दिखेंगे। फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगदास ने किया है। वहीं, इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। यह फिल्म ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

**'टाइगर 3' में आखिरी बार दिखे थे सलमानः** इससे पहले सलमान खान टाइगर 3 में नजर आए थे। यशराज स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया था। फिल्म में सलमान के साथ कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी थे। हालांकि, यह फिल्म कमाई के मामले में 'टाइगर जिंदा है' से काफी पीछे रह गई थी।

## ओरी के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर ,माता वैष्णो देवी मंदिर के पास शराब के सेवन का लगा आरोप



**जम्मू-कश्मीर** पुलिस ने सोशल मीडिया स्टार ओरहन अवात्रमणि, जिन्हें ओरी के नाम से जाना जाता है, के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसके अलावा सात अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि इन सभी ने कटरा में स्थित माता वैष्णो देवी के मंदिर के नजदीक एक होटल में शराब का सेवन किया।

इस मामले में एक रूसी नागरिक, अनास्तासिला अर्मासकिना भी शामिल हैं, जो ओरी और उनके दोस्तों के साथ कटरा आई थीं। कटरा पुलिस स्टेशन में इस मामले को लेकर ऋक्षफ्र दर्ज की गई है। जिनके खिलाफ आरोप लगाए गए हैं, उनमें ओरी के अलावा दर्शन सिंह, पार्थ रैना, रितिक सिंह, राशी दत्ता, रक्षिता भोगल, शगुन कोहली और अनास्तासिला अर्मासकिना शामिल हैं। इन सभी पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने और जिला मजिस्ट्रेट के आदेशों का उल्लंघन करने का आरोप है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**शराब सेवन पर हुई सख्त कार्रवाई :** पुलिस का कहना है कि आरोपियों को कटरा के एक होटल के कोटेज सूट क्षेत्र में शराब पीते हुए पकड़ा गया, जबकि इस इलाके में शराब और मांसाहारी भोजन पर सख्त प्रतिबंध हैं। मामले की शिकायत मिलने के बाद रढ रेसी परमवीर सिंह ने तत्काल सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता को भंग करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**धार्मिक स्थलों की पवित्रता की रक्षा :** रढ रेसी ने इस मुद्दे पर कहा, 'कटरा में स्थित सभी धार्मिक स्थल बहुत सम्मानजनक स्थान हैं और यहां किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को स्वीकार नहीं किया जाएगा।' पुलिस ने इस घटना की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाई है, जिसमें एसपी कटरा, डिप्टी एसपी कटरा शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों को नोटिस भेजा जाएगा, जिसमें उन्हें जांच में शामिल होने का निर्देश दिया जाएगा। रढ ने यह भी कहा, 'हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि धार्मिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की असंवैधानिक गतिविधि से निपटा जाए और दोषियों को कड़ी सजा मिले।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में ऐसी घटना न हो। अब तक, ओरी और उनके दोस्तों ने इस मामले पर कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## फैमिली संग बफीर्ली वादियों में वेकेशन एंजॉय कर रहीं करीना कपूर, विंटर लुक में स्नो के बीच पोज देती आईं नजर



**बॉलीवुड** की फैशन आइकॉन करीना कपूर अपने बिजी शेड्यूल के बीच फैमिली के साथ टाइम स्पैंड करना अच्छे से जानती हैं। इन दिनों करीना अपनी फैमिली के साथ बफीर्ली वादियों में क्वालिटी टाइम बिता रही हैं। हाल ही में उन्होंने फैंस के साथ अपने खूबसूरत वेकेशन की तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। करीना कपूर अपने पति सैफ अली खान और दोनों बेटों, जेह और तैमूर अली खान के साथ विदेश में वेकेशन मनाने गईं हैं और अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस वेकेशन की कुछ तस्वीरें पोस्ट की, जिनमें वह अपने परिवार के साथ बर्फ से ढकी वादियों में आनंद लेती नजर आ रही हैं। करीना ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर दो तस्वीरें शेयर कीं, एक में वह अकेली पोज देती दिख रही हैं, जबकि दूसरी फोटो में वह अपने पति सैफ और दोनों बेटों के साथ नजर आ रही हैं। इस दौरान करीना व्हाइट कोट और ब्लैक पैंट के साथ एक स्लिंग बैग भी कैरी किया है। विंटर लुक को उन्होंने पोनीटेल के साथ कंप्लीट किया है। फैंस एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर को आखिरी बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में देखा गया था, जिसमें वह अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के साथ नजर आई थीं। इसके बाद अब करीना जल्द ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स में दिखाई देंगी।

## माथे पर भस्म , गले में माला..महाकालेश्वर के दर्शन करने पहुंचे रंजीत, 'गदर' के डायरेक्टर भी दिखे साथ



**बॉलीवुड** के खूंखार विलेन के रुप में अपनी पहचान बनाने वाले रंजीत कुमार को हाल ही में महादेव की भक्ति में लीन देखा गया। एक्टर हाल ही में उज्जैन स्थित बाबा महाकालेश्वर के दर्शन करने पहुंचे, जहां वो बाबा की भक्ति में लीन दिखे। इस दौरान उनके साथ गदर फिल्म के डायरेक्टर अनिल शर्मा भी नजर आए। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सामने आई तस्वीर में देखा जा सकता है कि रंजीत बाबा महाकालेश्वर मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर शिव भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं। एक्टर ने पूरे विधि विधान से महाकाल की पूजा की और नंदी हॉल में बैठकर शिव साधना करते दिखे। इसके बाद उन्होंने चांदी द्वार पर माथा भी टेका और पुरोहित सत्यनारायण जोशी ने पूजन सम्पन्न करवाया। तस्वीर में एक्टर माथे पर विभूति लगाए और गले में माला पहने नजर आ रहे हैं।



## जैक ड्रेपर इंडियन वेल्स मास्टर्स के फाइनल में अल्काराज हराए, खिताबी मुकाबले में रून से भिड़ंत

**एजेंसी/ कैलिफोर्नियाः** ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने इंडियन वेल्स एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने रविवार को खेले गए सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज को तीन सेट में हराया। अब फाइनल में ड्रेपर का सामना होल्गर रून से होगा। दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी ड्रेपर ने वर्ल्ड नंबर-3 अल्काराज को 44 मिनट चले मुकाबले में 6-1, 0-6, 6-4 से मात दी। इसी के साथ उन्होंने अल्काराज के 16-मैच की जीत की लय को तोड़ते हुए अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में जगह बनाई। ड्रेपर ड्रेपर ने जीत के बाद कहा, इस कोर्ट पर कार्लोस को हराना अविश्वसनीय था। वह एक महान चैंपियन है और वह यहां लगातार तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में थे।

**होल्गर रून ने हराए मेदवेदेवः** डेनमार्क के होल्गर रून ने एक अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में दो बार के उपविजेता डेनियल मेदवेदेव को हराकर चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने मेदवेदेव को सीधे सेट में हराया। मेदवेदेव के खिलाफ रून ने 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की। मेदवेदेव की नजर लगातार तीसरे साल इंडियन वेल्स के फाइनल में पहुंचने पर थी। इससे पहले, उन्हें दोनों बार कार्लोस अल्काराज से हार का सामना करना पड़ा था। रून ने कहा, काम अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन यह शानदार मुकाबला था। डेनियल के खिलाफ खेलना मेरे लिए सबसे कठिन चुनौतियों में से एक है। मैं पहली बार उन्हें हराने में कामयाब रहा, लेकिन हम एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं।

आईपीएल 2025

# बिहार के मलय राज को चेन्नई सुपर किंग्स से बुलावा, दिखाएंगे गेंदबाजी का दम



**पटनाः** भागलपुर के नाथनगर स्थित भवनाथपुर के रहने वाले मलय राज ने क्रिकेट की दुनिया में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बिहार रणजी टीम के इस प्रतिभाशाली गेंदबाज को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में नेट गेंदबाज के तौर पर चुना गया है। इसका मतलब है कि वह आईपीएल 2025 के दौरान महेंद्र सिंह धोनी समेत चेन्नई सुपर किंग्स के सभी शीर्ष बल्लेबाजों को नेट प्रैक्टिस कराएंगे। बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर विशेषज्ञ गेंदबाजों के एक समूह का चयन किया गया था, जिसमें बिहार के मलय ने भी अपनी जगह बनाई है।

**धोनी की टीम के बल्लेबाजों को देंगे कड़ी चुनौतीः** मलय राज अब भारतीय टीम और अन्य दिग्गज बल्लेबाजों को नेट पर गेंदबाजी कर अपने हुनर को और बेहतर बनाएंगे। आईपीएल 2025 के प्री-सीजन कैंप के लिए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें एनओसी भी दे दी है। सीएसके ने 25 फरवरी से चेन्नई के चेपक स्टेडियम में अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जहां मलय अपनी गेंदबाजी से बल्लेबाजों को चुनौती दे रहे हैं। मलय के साथ बिहार के ही जिशान और नजीर भी सीएसके के नेट गेंदबाजों के रूप में शामिल हैं। इन खिलाड़ियों के यात्रा और अन्य खर्च का वहन चेन्नई सुपर किंग्स कर रहा है।

**बिहार के उभरते क्रिकेट स्टारः** 21 वर्षीय मलय राज बीसीसीआई द्वारा आयोजित मुश्ताक अली ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी में बिहार का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें यह सुनहरा अवसर दिलाया है। मलय पटना जिले की ओर से क्रिकेट खेलते हैं और उन्होंने संत माइकल स्कूल, पटना से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद कीट यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर से स्नातक कर रहे हैं।

**परिवार में जश्न का माहौलः** मलय की इस शानदार उपलब्धि से उनके पिता मृत्युंजय तिवारी और दादा गणेश तिवारी बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। पूरे परिवार और इलाके में जश्न का माहौल है। परिजनों का कहना है कि मलय ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है और आगे भी बिहार और देश का नाम रोशन करेंगे।

आईपीएल में बड़े धमाके की तैयारी

# ईशान ने प्रैक्टिस मैच में मचाई तबाही, 58 गेंदों में बनाये 137 रन



**नई दिल्लीः** आईपीएल में भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन इस बार ऑरेंज आर्मी का हिस्सा हैं। ऑरेंज आर्मी का मतलब है सनराइजर्स हैदराबाद। पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले ईशान किशन इस बार सनराइजर्स हैदराबाद के लिए मैदान पर उतरेंगे। ईशान किशन आईपीएल 2025 के लिए सनराइजर्स की कैंप से जुड़ गए हैं। इस दौरान उन्होंने इंट्रा स्क्वाड मुकाबले में अपनी विस्फोटक बैटिंग से घमासान मचा दिया। ईशान किशन ने इंट्रा स्क्वाड के इस मुकाबले में सिर्फ 58 गेंद में 137 रन कूट दिए।

इसके साथ ही उन्होंने सनराइजर्स के टॉप मैनेजमेंट को यह संदेश भी डाला कि वह टीम के लिए टॉप ऑर्डर में अपनी बल्लेबाजी की दावेदारी रखती है। हालांकि, इसकी उम्मीद कम ही है कि ईशान को सनराइजर्स के लिए ओपनिंग के लिए मौका मिलेगा। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पिछले सीजन में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की जोड़ी ने धमाकेदार खेल का प्रदर्शन किया था। ऐसे में उम्मीद है कि आईपीएल 2025 में भी ये दोनों खिलाड़ी ऑरेंज आर्मी के लिए पारी के लिए आगाज करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मसंग ने फीचर्स के साथ गैलेक्सी एफ165 जी किया लॉन्च

**रांचीः** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने लोकप्रिय गैलेक्सी एफ सीरीज को और आगे बढ़ाते हुए गैलेक्सी एफ165 जी लॉन्च किया है। यह फोन गैलेक्सी एफ सीरीज की खास पहचान को आगे बढ़ाते हुए कई बेहतरीन फीचर्स के साथ आता है, जिनमें शानदार स्मोलेड डिस्प्ले, 50एमपी ट्रिपल कैमरा और छह जेनरेशन तक एंड्रॉइड अपग्रेड व छह साल के सिक्योरिटी अपडेट शामिल हैं। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस डायरेक्टर अक्षय एस. राव ने कहा कि गैलेक्सी एफ16 5जी का लॉन्च हमारी उस प्रतिबद्धता को दोहराता है, जिसके तहत हम नए और उपयोगी नवाचारों के जरिए लोगों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करना चाहते हैं। इसे खासतौर पर जेनरेशन जी की तेज-रफ्तार जिंदगी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जहां परफॉर्मेंस, मजबूती और मनोरंजन का बेहतरीन संतुलन मिलेगा, जिससे एक शानदार यूजर एक्सपीरियंस मिलेगा।

नया डिजाइन और शानदार डिस्प्ले

गैलेक्सी एफ16 5जी रिप्ल ग्लो फिनिश के साथ आता है, जो इसे बेहद आकर्षक बनाता है। सिर्फ 7.9एमएम पतले डिजाइन के साथ इसे स्टाइल और आराम दोनों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस फोन में 6.7 इंच का एफएचडी+स्मोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जो ज्यादा ब्राइट, गहरे रंगों और बेहतर कंट्रास्ट के साथ शानदार विजुअल एक्सपीरियंस देता है।

गैलेक्सी एफ16 5जी का स्टाइलिश, लीनियर-ग्रुप्ड 50एमपी ट्रिपल कैमरा सेटअप बेहतरीन फोटो और वीडियो लेने की सुविधा देता है। इसके अलावा, इसमें 13एमपीका फ्रंट कैमरा भी दिया गया है, जिससे शानदार सेल्फी क्लिक की जा सकती हैं।

### ममता पर बरसे सीएम योगी, महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहने वाले होली में शांति कायम नहीं रख सके



**लखनऊः** महाकुंभ 2025 खत्म हो चुका है, लेकिन अभी भी इसका जिक्र सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से लगातार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहे जाने पर निशाना साधा और कहा कि जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में नाकाम रहे, उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहा था। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में आयोजित गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ में पहली बार तमिलनाडु से लोग आए थे। केरल से भी लोग यहां आए थे।

उत्तर प्रदेश की आबादी करीब 25 करोड़ है और होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई, लेकिन पश्चिम बंगाल में होली के दौरान कई जगह उपद्रव हुए। जो लोग होली के दौरान उपद्रव को कंट्रोल करने में नाकाम साबित हुए हैं, उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहा था। बता दें सीएम ममता ने पिछले महीने 18 फरवरी को कहा था कि भगदड़ की घटनाओं की वजह से महाकुंभ मृत्यु कुंभ में बदल गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि महाकुंभ में मौतों के वास्तविक आंकड़े को अधिकारियों ने दबा दिया। पश्चिम बंगाल विधानसभा में अपने भाषण के दौरान सीएम ममता ने कहा था, उन्होंने मौतों के आंकड़े को कम करने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया. बीजेपी शासन में महाकुंभ मृत्यु कुंभ में बदल गया है।

### मुक्त व्यापार समझौते पर फिर शुरू होगी बातचीत, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन के भारत दौरे पर ऐलान



**नई दिल्लीः** भारत और न्यूजीलैंड ने रविवार को मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की। बता दें कि यह वार्ता साल 2010 में शुरू हुई थी और साल 2015 में रुक गई थी, लेकिन अब इसे फिर से शुरू किया जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड ने अप्रैल 2010 में समग्र आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर बातचीत शुरू की थी, जिसका उद्देश्य वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के व्यापार को बढ़ावा देना था, लेकिन नौ दौर की वाताओं के बाद 2015 में यह चर्चा रुक गई थी। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि दोनों देश भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर से वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हैं। इस समझौते का उद्देश्य आपूर्ति शृंखला को मजबूत करना और बाजार पहुंच को आसान बनाना है।


यह निर्णय भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की बैठक के बाद लिया गया। इसे लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, भारत और न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक साझेदारी है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और आर्थिक पूरकताओं पर आधारित है। दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को शामिल करते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बनाने की दिशा में लगातार काम किया है।

**आज पीएम नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकातः** दौरे से पहले न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह भारत के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी पर जोर देंगे और दोनों देशों के बीच सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करेंगे। लक्सन के साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी है, जो न्यूजीलैंड के किसी भी प्रधानमंत्री के साथ अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल है। उनकी सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होनी है।

**केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल ने किया पीएम का स्वागतः** यह घोषणा तब हुई, जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत की चार दिवसीय यात्रा (16-20 मार्च) पर आए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वह रायसीना डायलॉग 2025 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर लक्सन 16 से 20 मार्च तक देश में रहेंगे।

# पाकिस्तान को पीस नहीं,प्रोक्सी वॉर पर भरोसाः मोदी

**● नवाज को शपथ में बुलाया, विश्वासघात हुआ ● भारत-चीन को प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, टकराव नहीं**



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे के इंटरव्यू में कहा कि मेरी ताकत मेरे नाम में नहीं, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों और देश की कालातीत संस्कृति और विरासत के समर्थन में निहित है। जब मैं विश्व के नेताओं से हाथ मिलाता हूं, तो ऐसा मोदी नहीं, बल्कि 1.4 अरब भारतीय करते हैं। जब भी हम शांति की बात करते हैं, तो दुनिया हमारी बात सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था, ताकि शांति का एक नया अध्याय शुरू कर सकूं, लेकिन शांति के हर प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ। पाकिस्तान को पीस नहीं, बल्कि प्रोक्सी वॉर पर भरोसा है। खास बात यह है कि पाकिस्तान के लोग शांति चाहते हैं। हम पूरी ईमानदारी से आशा करते हैं कि पाकिस्तान को एक दिन सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का रास्ता अपनाएगा। अपनी आलोचना के सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं किसी भी तरह की आलोचना का स्वागत करता हूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह लोकतंत्र की आत्मा है। चीन के साथ संबंधों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे संबंध भविष्य में भी इसी तरह मजबूत बने रहेंगे।

राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद हमने सीमा पर सामान्य स्थिति की वापसी देखी है। हम 2020 से पहले के स्तर पर स्थितियों को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। विश्वास में समय लगेगा, लेकिन हम बातचीत के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने संघर्ष के बजाय स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी एशिया की सदी है। भारत और चीन को स्वाभाविक रूप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, टकराव नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉडकास्ट में 2002 के दंगों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 27 फरवरी, 2002 को मेरी सरकार बजट पेश करने वाली थी, तभी हमें गोधरा ट्रेन हादसे की सूचना मिली। यह बहुत गंभीर घटना थी। लोगों को जिंदा जला दिया गया। हमने प्रदेश को संभालने के लिए तत्परता से काम किया। उस समय

विपक्ष सत्ता में था और उन्होंने हमारे खिलाफ झूठे मामलों में हमें सजा दिलाने की पूरी कोशिश की। उनके प्रयासों के बावजूद, न्यायपालिका ने दो-दो बार जांच के बाद हमें निर्दोष पाया। आरोपियों को सजा मिल चुकी है। सबसे बड़ी बात है कि 2002 से पहले गुजरात में लगातार दंगे होते रहे, लेकिन 2002 के बाद कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

### ट्रोलर्स पर भड़के तेलंगाना के सीएम; कहा

# परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर लिखना ठीक नहीं



**हैदराबादः** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा है कि उनके खिलाफ अपशब्द कहने वालों को ह्यनंगा कर बीच सडक पर परेड निकालकर पीटा जाएगा। रेड्डी का यह बयान राज्य में दो महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी के बाद आया है। इन पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। रेड्डी ने विधानसभा में कहा- यह मत सोचिए कि मैं चुप हूं, क्योंकि मैं मुख्यमंत्री हूं। मैं आपको नंगा कर दूंगा और आपको पीटूंगा। ऐसे लाखों लोग हैं जो मेरे कहने पर आपको पीटने के लिए सडकों पर उतर आएंगे। मैं अपने पद के कारण सहनशील बना हुआ हूं। हालांकि, उन्होंने फिर कहा कि मैं जो भी करूंगा, कानून के दायरे में रहकर करूंगा।

रेड्डी ने कहा कि हम सार्वजनिक जीवन में हैं और आलोचना के लिए तैयार हैं, लेकिन हमारे परिवार के सदस्यों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है?

रेवंत रेड्डी ने घोषणा की है कि पत्रकारिता की आड़ में सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री फैलाने की संस्कृति पनपने तक वह चुप नहीं रहेंगे। दरअसल, रेड्डी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने 10 मार्च को रेवती पोगदंडा और उनकी सहकर्मी संध्या उर्फ तन्वी यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद 12 मार्च को पुलिस ने ह्यपल्स न्यूजह्य नाम से यूट्यूब चैनल चलाने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया था। पुलिस का कहना है कि दोनों महिलाओं ने बीआरएस ऑफिस में वीडियो शूट किया था।



### यमन में हूती विद्रोहियों पर एयर स्ट्राइक, 31 की मौत, ट्रंप बोले, तुम्हारा वक्त पूरा हुआ,7

**उजेंसी/ सनाः** अमेरिकी सेना ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों पर एयर स्ट्राइक की। हमले में 31 लोगों की मौत हुई है। इनमें हूती विद्रोहियों के साथ महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। जबकि, 101 लोग घायल हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद यह अमेरिका की हूती विद्रोहियों पर पहली बड़ी कार्रवाई है। इसके बारे में ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा- हूती आतंकियों, तुम्हारा वक्त पूरा हो गया है। अमेरिक तुम पर आसमान से ऐसी तबाही बरसाएगा, जो पहले कभी नहीं देखी होगी। दरअसल, यह कार्रवाई रेड सी में अमेरिकी जहाजों पर किए गए हूती हमलों के जवाब में की गई है। चार महीने पहले हूती विद्रोहियों ने रेड सी में अमरीकी वॉरशिप पर कई हमले किए थे। वहीं अमेरिकी हमले के बाद हूती विद्रोहियों ने कहा कि वे अमरीका के हमले का जवाब देंगे। उन्होंने अल-मसीराह टीवी चैनल पर जारी बयान में कहा कि हमारी यमनी सेनाएं पूरी तरह तैयार हैं।

अगर अमेरिकी हमारे खिलाफ कार्रवाई बढ़ाता है, तो हम भी उसी स्तर पर जवाब देंगे। फिलिस्तीनी संगठन हमास ने अमरीकी हमलों की निंदा की। हमास ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और देश की संप्रभुता और स्थिरता पर हमला करार दिया। बता दें 2015 में हालात ये हो गए थे कि विद्रोहियों ने पूरी सरकार को निर्वासन में जाने पर मजबूर कर दिया था। ईरान से मिल रहे समर्थन की बदौलत हूती विद्रोही एक ट्रेंड लड़ाका दल में बदल चुके हैं। हूती विद्रोहियों के पास आधुनिक हथियार और यहां तक कि अपने हेलिकॉप्टर भी हैं।

ट्रंप बोले, बाइडेन ने कभी सख्ती नहीं दिखाईः ट्रंप ने कहा कि इन हमलों के खिलाफ बाइडेन ने कभी ताकत के साथ कार्रवाई नहीं की, इसलिए हूती बेखौफ होकर हमले करते रहे। आखिरी बार किसी अमरीकी जहाज को सुरक्षित तरीके से स्वेज नहर, रेड सी या अदन की खाड़ी से गुजरे हुए एक साल हो गया है, लेकिन अब अमेरिकी जहाजों पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# एफ-35 डील तोड़ सकता है कनाडा, अमेरिका के भारी-भरकम टैरिफ के बाद समीक्षा कर रही सरकार



**एजेंसी/ ओटावाः** कनाडा के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट की खरीद की समीक्षा कर रही है। प्रवक्ता ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के साथ गंभीर तनाव के बीच कनाडा अमेरिका निर्मित एफ-35 लड़ाकू विमानों की एक बड़ी खरीद की समीक्षा कर रहा है। यह घोषणा पुर्तगाल की ओर से यह कहे जाने के दो दिन बाद आई है कि वह भी अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमानों की संभावित खरीद पर फिर से सोच रहा है। कनाडा का यह फैसला तब आया है, जब अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कनाडा को भारी भरकम टैरिफ लगाया गया। इसके बाद कनाडा की अर्थव्यवस्था चरमरा जाने का खतरा पनप रहा है। जस्टिन ट्रूडो के प्रधानमंत्री पद छोड? के बाद कनाडा के कमान प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के हाथ में आ गई है।

मार्क ने हाल ही में इस ओर इशारा किया है कि वह अमरीकी एफ-35 लड़ाकू विमानों के एक बड़े लॉट को खरीदने की समीक्षा कर रहे हैं। कनाडाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लॉरेंट डी कैसानोव को भेजे एक ईमेल में मार्क ने लिखा कि यह निर्धारित किया जाए कि क्या एफ-35 डील कनाडा के लिए सबसे अच्छा निवेश है और क्या अन्य विकल्प भी हैं, जो कनाडा की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर सकते हैं।

19 बिलियन कनाडियन डॉलर में हुआ था समझौताः जनवरी 2023 में कनाडा सरकार ने अमरीकी डिफेंस कंपनी लॉकहीड मार्टिन के साथ कुल 19 बिलियन कनाडाई डॉलर (13.2 बिलियन डॉलर) में 88 एफ-35 खरीदने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इसने 16 की पहली खेप के लिए भुगतान कर दिया है, जिसकी डिलीवरी अगले साल की शुरूआत में की जाएगी। बयान में कहा गया कि सौदा रद्द नहीं किया गया है, लेकिन हमें बदलते दौर को देखते हुए अपना काम करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि मौजूदा स्वरूप में यह अनुबंध कनाडावासियों और कनाडाई सशस्त्र बलों के सर्वोत्तम हित में हो।

### भागलपुर में पुलिस टीम पर हमला, पांच पुलिसकर्मी घायल

**भागलपूरः** बिहार के भागलपुर जिले में अंतीचक थाने के पुलिसकर्मियों पर शनिवार रात ग्रामीणों द्वारा किये गये हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गये। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अंतीचक थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि पुलिस टीम रात के समय गश्त के लिए निकली थी।

उन्होंने बताया कि माधव रामपुर हरि चक गांव के पास बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद ग्रामीणों के दो गुट आपस में झगडा कर रहे थे, जिसे देखकर पुलिस टीम वहां रुकी और इसी बीच ग्रामीणों ने उनपर पथराव करना शुरू कर दिया।

अधिकारी ने बताया कि इस हमले में गश्ती दल में शामिल पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए और पथराव में पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया की हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और सभी घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा गया है। प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी संजीव चौधरी के बयान के आधार पर 24 नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### संभल मस्जिद की रंगाई-पुताई शुरू, एएसआई की निगरानी में 10 मजदूर जुटे, भगवा रंग में रंगने की मांग



**संभलः** संभल की जामा मस्जिद में रविवार को रंगाई-पुताई का काम शुरू हुआ। एएसआई की निगरानी में सुबह नौ बजे 10 मजदूरों को लगाया गया। पहले मस्जिद की बाहरी दीवारों की साफ-सफाई हुई, फिर रंगाई शुरू हुई। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम के साथ मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। एएसआई की टीम दिल्ली से भिजवाई गई लाइट-झालर भी लेकर पहुंची। इसे पुताई के बाद लगवाया जाएगा। ठेकेदार ने कहा कि मस्जिद की पेंटिंग में करीब 10 दिन लगेंगे। इधर, नाथ संप्रदाय के महंत बालयोगी दीनानाथ ने मस्जिद को भगवा रंग से रंगने की मांग की। उन्होंने इसके लिए डीएम को लेटर भी लिखा है। जबकि मस्जिद कमेटी के वकील ने कहा कि रंगाई-पुताई के लिए पहले की तरह हरे, सफेद और गोल्डन रंग का ही इस्तेमाल होगा। मस्जिद के सदर जफर अली के मुताबिक, मस्जिद का रंग पहले जैसा ही रहेगा।

कलर नहीं बदलेगा। हाईकोर्ट ने संभल जामा मस्जिद में 4 दिन पहले रंगाई-पुताई की मंजूरी दी थी। कोर्ट ने कहा था कि मस्जिद कमेटी केवल मस्जिद की बाहरी दीवारों की ही रंगाई-पुताई करवा सकती है। मुस्लिम पक्ष ने 25 फरवरी को इसके लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। 27 फरवरी को हाईकोर्ट में पहली बार इस मामले पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने 3 सदस्यीय कमेटी गठित की थी। कमेटी ने रिपोर्ट बनाकर कोर्ट में पेश की। इसके बाद 12 मार्च को जस्टिस रोहित रंजन ने रंगाई-पुताई को लेकर आदेश दिया था।

# देश को टुकड़ों में बांटकर जाएंगे मोदी और शाह

**उद्धव की शिवसेना के आरोप; सामना में कहा, भारत को हिंदू पाकिस्तान बनाया जा रहा**



**मुंबईः** शिवसेना उद्धव के मुखपत्र सामना में पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मुखपत्र में लिखा गया- मोदी-शाह का राज एक दिन जाएगा, लेकिन जाते-जाते वह देश को टुकड़ों में बांटकर जाएंगे। सामना में लिखा गया है कि पिछले दस सालों में भारत में हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग राष्ट्र बन गए हैं। यह माहौल बंटवारे जैसा है। शिवाजी के इतिहास को बदलना, हिंदू-मुसलमानों के लिए अलग दुकानों की मांग करना। सामना के कार्यकारी संपादक संजय राउत ने इस लेख में लिखा- यह सब एक सोची-समझी मूर्खता है, जो भारत को हिंदू पाकिस्तान की ओर धकेल रही है। सामना में लिखा गया है कि देश में आज जो सांप्रदायिक और धार्मिक नफरत बढ़ी है, वह बंटवारे से पहले भी इसी तरह दिखाई दे रही थी। आज यहां के कुछ हिंदू नेता जिन्ना की भूमिका में आ गए हैं। यह देश के लिए खतरनाक है।

बता दें भारत में सावरकर ने द्वि-राष्ट्र सिद्धांत प्रस्तुत किया था। उनका कहना था- भारतीय मुसलमान और भारतीय हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। उनके अपने अलग धर्म, परंपराएं और रीति-रिवाज हैं। इसलिए सामाजिक और नैतिक दृष्टिकोण से मुसलमानों को हिंदू बहुल भारत से बाहर अपनी अलग मातृभूमि बनाने का अधिकार होना चाहिए। डॉ. आंबेडकर ने भी एक बार कहा था, यहां हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग राष्ट्र के रूप में रहते दिखाई दे रहे हैं। पंडित नेहरू समझदार व्यक्ति थे, उन्होंने खुलकर कहा था, देश का संविधान धर्मनिरपेक्ष ही रहेगा। मैं भारत को हिंदू पाकिस्तान नहीं बनने दूंगा। भाजपा बोली, संजय राउत ने शिवसेना का बंटाधार कियाः सामना के लेख पर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि ये बहुत दुर्भाग्य है कि बाला साहेब जिस सामना के संपादक हुआ करते थे, आज उसमें मजहबी तुष्टिकरण की बातें कही जा रही हैं। भारत पाकिस्तान के विभाजन की बातें कही जा रही हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह बात आज सामना से बर्दाश्त नहीं हो रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्यारह हजार वोल्ट विद्युत तार गिरने से महिला बाल-बाल बची

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय से मात्र लगभग आठ किलोमीटर दूर स्थित करौंदा लिटा टोली ग्राम में विद्युत विभाग की आक्रमान्यता एवं कार्य शिथिलता के कारण एक महिला पर 11 हजार वोल्ट का तार एकाएक टूटकर गिरने से महिला हुई गंभीर रूप से घायल , गुमला सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है , उक्त दर्दनाक हादसे में उक्त महिला बाल-बाल बची , बाद में आनन-फानन में परिवार, परिजनों और ग्रामीणों ने इलाज के लिये , उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करवाया हैं , जहां डॉक्टरों की देखरेख में उक्त महिला का इलाज चल रहा हैं, ज्ञातव्य हैं की विधुत विभाग की आक्रमान्यता एवं कार्य शिथिलता के कारण विधुत तार गुमला जिले के विभिन्न प्रखण्डों, गांवों , कस्बों और मुहल्लों में गिरते रहते हैं , फलस्वरूप कई व्यक्तियों और पशुओं की मौत हो चुकी है फिर भी विधुत विभाग कान में तेल डालकर सोई हुई है और मुक्त दर्शक बनकर तमाशा देखती रहती है , पीड़ित महिला के इलाज के लिये विधुत विभाग से मुआजे की मांग की गई हैं।

### युवक का शव ललमटिया के कुंए से बरामद

**लातेहार:** लातेहार जिला के सदर थाना क्षेत्र के चंदनडीह ग्राम निवासी शंभू सिंह के पुत्र पवन कुमार सिंह का शव सदर थाना क्षेत्र के ललमटिया डैम के पास एक कुंआ से बरामद किया गया है. बताया जाता है कि वह पिछले 14 मार्च से लापता था. परिजनों के अनुसार पवन पिछले 14 मार्च से ही लापता था. काफी खोजबीन के बाद उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने उसके गुमशुदगी की रिर्पोट सदर थाना में दर्ज करायी थी.

### झारखंड में अब हो रहा सबका कल्याण : मंत्री



**गोड्डा:** मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा है कि मौजूदा हेमंत सरकार राज्यहित में काम कर रही है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पहले 17 साल तक झारखंड में सिर्फ अपराध, लूट- खसोट व गुंडागर्दी का बोलबाला था. मगर अब झारखंड में जब से हेमंत सोरेन की सरकारी बनी है तो बड़े-बड़े अपराधियों का एनकाउंटर हो रहा है. उन्होंने कहा कि अब कोई अपराधी बख्शा नहीं जाएगा.
मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत 18वर्ष से ऊपर की बहनों और माताओं का ख्याल रखा जा रहा है, तो किसानों और आम आदमी का बिजली का बिल माफ हो रहा है. 200 यूनिट बिजली फ्री मिल रही है. इसके आलावा कई लोक कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं. वहीं उन्होंने कहा कि गोड्डा शहर के प्रोफेसर कॉलोनी में जहां सालों भर पानी घुसा रहता है इसी विधानसभा सत्र में इसका हल ढूंढने का प्रयास करेंगे.
गोड्डा के सिकटिया स्थित एक निजी रिसॉर्ट में होली मिलन समारोह के मौके पर मंत्री ने उक्त बातें कहीं. होली मिलन समारोह में रंगारंग गीत संगीत का कार्यक्रम हुआ, जिसमें देर तक पार्टी कार्यकर्ता व आम नगरवासी झूमते रहे. इस दौरान राजद महिला मोर्चा के लोगों ने जमकर गुलाल उड़ाया. इस मौके पर संजय यादव की पत्नी व पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष कल्पना देवी भी महिला सदस्यों के साथ गुलाल उड़ाती दिखीं. होली के गीतों पर कलाकारों की प्रस्तुति ने लोगों को जमकर थिरकने पर मजबूर किया.

### थाने में सैनिक की पिटाई पर भारी हंगामा,पूर्व सैनिकों ने खोला मोर्चा

**जमशेदपुर :** जुगसलाई थाने में पुलिस से विवाद के बाद शुक्रवार को सेना के हवलदार सूरज राय की पिटाई कर दी गई और शनिवार को केस कर उन्हें जेल भेज दिया गया। सूरज पर डीएसपी और इंस्पेक्टर के साथ मारपीट का आरोप पुलिसवालों ने लगाया है। पुलिस के अनुसार, पहले जुगसलाई थाना के निजी चालक छोटू और उनके चचेरे भाई विजय राय के बीच मारपीट हुई थी। इसी मामले को लेकर सूरज राय थाना पहुंचे थे।
वैसे पूर्व सैनिकों का आरोप है कि उन्हें जुगसलाई थाने में बुलाया गया था। वहां पहुंचने पर थाना प्रभारी के साथ सूरज राय की बहस और हाथापाई हो गई। घटना की जानकारी डीएसपी को मिली तो वे भी थाना पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान सूरज राय उनसे भी उलझ गए। इधर, सूरज का आरोप है कि उनकी थाने में बुरी तरह पिटाई की गई। सूरज डीबी रोड विश्वकर्मा मंदिर के समीप के निवासी हैं।
पूर्व सैनिकों का आरोप है कि सूरज राय को थाने बुलाकर पुलिसकर्मियों ने मारपीट शुरू कर दी। जब सूरज ने परिचय सैनिक हवलदार के रूप में दिया तो पुलिसवाले और आक्रामक हो गए। अगले दिन बिना जांच के आनन-फानन में उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी मिलते ही पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने थाने में प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि यदि सैनिक ने गलती की थी तो इसकी जानकारी यूनिट को दी जानी चाहिए थी। बिना चार्जशीट के सैनिक को जेल नहीं भेजा जा सकता। पूर्व सैनिक रविवार को जुगसलाई थाना पहुंचे और जवाब मांगा तो थाना प्रभारी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इससे पूर्व सैनिकों में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मोर्चा खोल दिया और दोषी थानेदार को निलंबित करने और सैनिक को ससम्मान रिहा करने की मांग की। इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी के निर्देश पर जांच शुरू कर दी गई है। सीसीआर डीएसपी मनोज ठाकुर ने बताया कि जांच चल रही है। यदि पुलिस दोषी होगी तो कार्रवाई की जाएगी। मारपीट की घटना हुई थी। सैनिक को किन परिस्थितियों में जेल भेजा गया है और प्रोटोकॉल का पालन हुआ या नहीं, इसकी जांच चल रही है। पूर्व सैनिकों ने बताया कि वे सोमवार को इस मामले में डीसी से मिलेंगे और सूरज राय की शीघ्र रिहाई की मांग करेंगे।

### ट्रेलर और पानी टैंकर में भीषण टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**धनबाद :** शहर के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित जोड़ापीपल एनएच 19 पर सोमवार को एक ट्रेलर और पानी टैंकर में जोरदार टक्कर हो गयी. इस दुर्घटना में एस थ्री जी इंफ्रा कंपनी के कर्मी सुभाष साव की मौत हो गयी. जबकि टैंकर के ड्राइवर दीपक कुमार और ट्रेलर चालक बिनोद यादव गंभीर रूप से घायल हो गये. दोनो घायलों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. घटना के संबंध में बरवाअड्डा थाना के एसआई विनोद राम ने बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों घायलों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच लाया गया. जहां डॉक्टरों ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया. जबकि दीपक और बिनोद की हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. मृतक के परिजन ने घटना के संबंध में बताया कि सुभाष पिछले तीन सालों से एस थ्री जी इंफ्रा कंपनी में कार्यरत था और एनएच 19 में लगे पौधों में पानी देने का काम करता था.

# लगोरा में एक माह के अंदर मोबाइल टावर अगर नहीं लगा तो रांची-चाईबासा मार्ग बंद करेंगे ग्रामीण

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**बंदगांव :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड अंतर्गत सावनिया पंचायत के ग्राम लगोरा में मोबाइल टावर को लेकर सिकंदर मुंडरी और लक्षुराम मुंडरी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का बैठक किया गया। जिसमें ग्राम सभा में नेटवर्क समस्या को लेकर बातचीत किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम लगोरा में मोबाइल नेटवर्क का सिग्नल नहीं होने के कारण आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, जनवितरण प्रणाली के दुकानदार और अन्य सभी ग्रामीणों को मोबाइल कनेक्टवीटी और इंटरनेट से बहत अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गावं में इंटरनेट नहीं होने के कारण लक्ष्मी महिला समूह के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार को राशन वितरण मशीन में सही समय पर अपलोड नहीं हो पाता है जिसके कारण राशन दुकान से भी सस्पेंड होना पड़ा। ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त महोदय को बार बार मोबाइल टावर के लिए आवेदन देने के भौजूद भी आधिकारी लोग संज्ञान नहीं ले रहें हैं। जबकि सरकार के द्वारा ग्रामीण डिजीटलीकरण यूएसओएफ योजना के तहत प्रत्येक गांव में टावर लगाना है। जहां पर मजबूत सिग्नल नहीं मिलता है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि एक महीना के अंदर में ग्राम लगोरा में मोबाइल टावर नहीं बनता है तो रांची-चाईबासा मेन रोड का अनिश्चितकालीन चका जाम करेंगे और जिला समाहरणालय के प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस बैठक में नमन मुंडरी, बासुदेव मुंडरी, गोनेस मुंडरी, गोपाल मुंडरी, बिष्णु मुंडरी, रामसहाय मुंडरी, मोहन मुंडरी एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बलियापुर:कराम महोत्सव में संथाली नृत्यगीत ने बांधा समां

**बलियापुर :** पांडेयडीह में रविवार को रघु किस्कू की ओर से कराम महोत्सव हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ पुर्वी टुंडी से आऐ गुरूबाबा दिनेश मुर्मू के कराम विनती से हुआ। कहा कि आदिवासी शुरू से ही प्रकृतिपूजक रहे है। परंपराओं को बचाऐ रखने का आह्वान लोगों से किया। मौके पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ संथाली नृत्यगीत हुआ। कार्यक्रम प्रारंभ होते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। कलाकरों ने गीत-नृत्य के माध्यम से दर्शकों को बांधे रखा। पूर्व मुखिया समीर मुर्मू, नरेश हेम्ब्रम, नुनुलाल हेम्ब्रम, परमेश्वर किस्कू, मनोहर हेम्ब्रम, सोनाराम टुडू, सुखलाल किस्कू, देवेन्द्र हेम्ब्रम आदि मौके पर थे।

## गर्मी से पूर्व खराब नलकूपों को मरम्मत कराया जाए : प्रसन्नजीत

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**चक्रधरपुर :** पश्चिम सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी प्रसन्नजीत भट्टाचार्य ने पीएचडी विभाग से मांग किया की चक्रधरपुर प्रखंड में जितने भी खराबी नलकूप है अन सभी नलकूपों का अभीलंब मरम्मती कराया जाए. उन्होंने कहा गर्मी का मौसम आने वाला है. और यहां पेयजल की भारी किल्लत होगी .जिसको लेकर नलकूप की मरमती करण कराना बहुत ही अवशयक है .उन्होंने कहा प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में ग्रामीण को पेयजल के लिए दुर दुर तक जना पडता है. कई गांव में लोग नदी का पानी, चुआं का पानी,तालाब का पीने को मजबूर है. इन सभी ध्यान में रखते हु? पीएचडी विभाग प्रत्येक गांव का सर्वे कराकर खराबी नलकूपों की सूची मुखिया से मंगवाकर सभी नलकूप को मरम्मत कराया जाए. जिससे ग्रामीणओं को गर्मी के मौसम में पेयजल के लिए इधर-उधर भटकाना ना पड़े. उन्होंने कहा बंदगांव में भीषण गर्मी पड़ती है. नदी नाला तालाब सभी सुख जाते हैं. लोगों को नलकूप के भरोसे ही रहना पड़ता है. अगर नलकूप का मरम्मती नहीं हो पाया तो लोगों को पेयजल के लिए काफी तकलीफ होगी .इसीलिए समय पर सरकार ध्यान दें और नलकूप की मरम्मत करे. जिससे लोगों को पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके.

### बांसजोड़ा में प्रेमी ने प्रेमिका के पति को चाकू मार किया घायल

**लोयाबाद :** बांसजोड़ा गोलाय में शुक्रवार की रात होली के दौरान पड़ोसी प्रेमी-प्रेमिका के पकड़े जाने पर कथित प्रेमी ने पति को चाकू मारकर घायल कर दिया। बताया जाता है कि होली की रात लगभग 10 बजे विवाहिता प्रेमिका घर में अकेली थी। मौका देखकर पड़ोसी कथित प्रेमी प्रीतम कुमार घर में घुसा था। इसी दौरान प्रेमिका के पति आ गया और दोनों को रंगेहाथों पकड़ लिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। प्रेमिका के पति व कथित प्रेमी के बीच मारपीट होने लगी। इसी दौरान प्रीतम ने चाकू से महिला के पति के सीने पर वार कर घायल कर दिया। घटना के बाद प्रेमी वहां से फरार हो गया। जिसके बाद घर वालों ने घायल पति को पीएमसीएच अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया।विदित हो कि 17 अप्रैल 2024 को आरोपी प्रीतम कुमार दो बच्चों की मां उक्त महिला को पति के सामने मांग में सिंदूर भरकर अपने साथ ले गया था।

# गरीब व असहायों के बीच कांग्रेस उपाध्यक्ष ने किया वस्त्र का वितरण

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**चक्रधरपुर :** हिंदुओं का महान पर होली के शुभ अवसर पर गरीब असहाय एवं विकलांग लोगों के बीच कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह ने धोती, साड़ी ,शर्ट पैंट का कपड़ा का वितरण किया .इस मौके पर उन्होंने कहा कि होली के त्योहार खुशियों का त्यौहार है. इस त्यौहार को सभी लोगों को खुशी पूर्वक मनाने की जरूरत है .उन्होंने कहा जो बहुत ही निर्धन है उन लोगों के बीच शर्ट, पैंट, धोती साड़ी का वितरण किया गया है .उन्होंने कहा हमारी सदा कोशिश रही है कि गरीब लोगों की हर तरह की मदद किया जाए. उन्होंने कहा होली का त्योहार सभी लोग शांतिपूर्वक एवं खुशी पूर्वक मनाई यह हमारी सदा कोशिश रही है. उन्होंने कहा आज झारखंड में झामुमो और कांग्रेस पार्टी की गठबंधन की सरकार है. इस सरकार में सभी लोगों को सभी तरह की सहायता एवं सुविधा मिलनी चाहिए .जिसका प्रयास हमारे कांग्रेस पार्टी सदा कर रही है. उन्होंने कहा बंदगांव प्रखंड का सर्वांगीण विकास किया जाएगा .जिसको लेकर तैयारी किया जा रहा है. जल्द ही इसका परिणाम भी सामने आएगा. गांव-गांव में सड़क, पुल पुलिया ,आंगनबाड़ी केंद्र सभी गांव में बिजली ,सभी लोगों को मैया सम्मान योजना का लाभ समेत सभी सुविधाएं दिलाई जाएगी. उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी को और मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है. इस अवसर पर दे० करण सिंह, चंदन सिंह,समेत अन्य उपस्थित थे.

### 10 किलो का शक्तिशाली आईईडी बरामद

**चाईबासा :** सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है. चाइबासा के एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने रविवार को एक दस किलो आईईडी बरामद किया है. आईईडी की बरामदगी टोन्टो थाना क्षेत्र के हाथीबुरू के आस-पास जंगली और पहाड़ी क्षेत्र से हुआ है. सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में यह दोनों आईईडी लगाया गया था. सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से लैंड माइन को विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया.
उल्लेखनीय हैं कि नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय है.

# डीसी ने की जिला स्तरीय पर्यटन संवर्द्धन समिति की बैठक




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय पर्यटन संवर्द्धन समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में गत बैठक में दिये गये अनुपालन की समीक्षा की गई और उनका अनुपालन का निर्देश दिया गया। जिला के अधिसूचित पर्यटन स्थलों में सिक्योरिटी गार्ड और सफाई कर्मी की नियुक्ति करने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को पुनः स्मार दिये जाने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। पर्यटन स्थलों में साइनेज लगाये जाने का कार्य जल्द पूर्ण करने, प्रस्तावित पर्यटन केंद्रों की सूची राज्य सरकार को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। वीर बुधू भगत शहादत स्थल के पास शहीद रूनिया व झुनिया के शहादत स्थल को अधिसूचित किये जाने हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को पुनः भेजे जाने का निर्देश दिया गया। धरधरिया जलप्रपात के पास शहीदों का स्मारक लगाये जाने का निर्देश दिया गया। जिला में तैराकी के प्रशिक्षण हेतु स्विमिंग पूल का निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर कार्य प्रारंभ कराने, पर्यटकों के लिए जिला में कैंपिंग स्पॉट चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। पर्वतारोहियों के लिए ट्रेकिंग रूट चिन्हित करने का निदेश दिय गया। आज की बैठक में माननीय सांसद (लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र) के निजी सचिव आलोक साहू, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा समेत समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के आश्रित पत्नी को मिला प्रोविजनल नियोजन

**बरवाअड्डा :** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत खरनी पंचायत के साधोबाद गांव निवासी बीसीसीएल कर्मी 35 वर्षीय संजीत कुमार महतो की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार संजीत कुमार महतो शुक्रवार को घर से तेतुलमारी ड्यूटी जाने के लिए निकला था। दौरान साधोबाद गांव स्थित रानी तालाब में शौच करने के लिए रुके। शौच के बाद तालाब में उतर गए जहां संजीत का पैर फिसल गया और वे तालाब में डूब गए। बताया जाता है कि संजीत महतो शुक्रवार की दोपहर ड्यूटी के लिए घर से तेतुलमारी के लिए निकला था इसी दौरान हादसा हुआ। देर शाम शव तालाब की सतह पर आने के बाद ग्रामीणों ने देखा व उसकी पहचान की। ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी और शव को तालाब से बाहर निकाल कर एसएनएमएमसीएच धनबाद ले गए। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद मृतक कर्मी का शव शनिवार को परिजनों व यूनियनों ने शनिवार की शाम तेतुलमारी कोलियरी कार्यालय में रखकर नियोजन की मांग की। देर रात डुमरी विधायक जयराम महतो भी आश्रित के पक्ष में तेतुलमारी कोलियरी कार्यालय पहुंचे व प्रबंधन से वार्ता की। कोलियरी व सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में चार चरण में वार्ता हुई, लेकिन विफल रहा। प्रबंधन ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक ही तत्काल नियोजन देने की प्रक्रिया की जाएगी। इधर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद महतो व अशोक ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो, पूर्व मुखिया आजाद, शक्तिनाथ महतो, गोपाल सिंह, दीपक रवानी, नागेंद्र वर्मा, रमेश सिंह, खगेन्द्र रवानी, उत्तम महतो, सुदीप महतो, संतोष मिश्रा, सज्जाद आदि ने लगातार प्रोविजनल नियोजन की मांग को लेकर वार्ता में शामिल हुए।

# तालाब में तैरता मिला नाबालिग लड़की का शव

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**गुमला :** गुमला सदर थाना सह टोटो थाना क्षेत्र स्थित बसुआ ग्राम की एक 17 वर्षीय नाबालिक लड़की का शव गांव के एक तालाब में तैरता पायें जाने के समाचार से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई, इस संबंध में मृतक लड़की के पिता ने अपने ही गांव के सलमान आलम ( पिता - जमील आलम ) पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि आरोपियों एवं मेरी नाबालिक लड़की के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था , और वह लगातार शादी करने और किसी से भी उक्त नाबालिक लड़की को कहीं भी अन्य लड़के से शादी नहीं करने देने की धमकी दे रहा था और उक्त लड़की का कहीं भी शादी नहीं होने दूंगा का और मैं ही उससे शादी करूंगा की धमकी लगातार दिया करता था, इसी क्रम में 11 मार्च 2025 की रात्रि लगभग 10:30 से 3:00 रात्रि के बीच मेरी नाबालिक लड़की का अपहरण कर लिया गया, बाद में मैं अपने अस्तर से अपने परिवार और परिजनों सहित संभावित ठिकानों पर काफी खोजबीन करने के बावजूद जब मेरी नाबालिक लड़की का कहीं भी और कुछ भी अता पता नहीं चला तो, अंततः गुमला सदर थाना सह टोटो थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर अपनी नाबालिक लड़की को खोजने की गुहार लगाई थी, परंतु संबंधित पुलिस थानों द्वारा विशेष कर टोटो थाना प्रभारी की लापरवाही के कारण ही , मेरी नाबालिक लड़की का अपहरण कर हत्या कर तालाब में फेंक दिया गया , इस संबंध में 14 मार्च 2025 के प्रातः लगभग 7:00 बजे हमें और परिजनों सहित ग्रामीणों उक्त जानकारी हुई की , गांव के तालाब में एक लड़की का लाश तैर रहा है , उक्त सूचना पर हम लोग उक्त घटनास्थल स्थित उक्त तालाब के घटनास्थल पर पहुंचकर , देखा तो उक्त शव मेरी नाबालिक लड़की का ही था , बाद में स्थानीय नेता मुख्तार आलम ने पत्रकारों को बताया की मृतक के पिता ने मुझे फोन कर बताया कि मेरी लड़की का शव गांव के तालाब में तैर रहा हैं, उक्त सूचना पर में उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर , सर्वप्रथम पुलिस प्रशासन के गुमला पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह को उक्त घटना की विस्तृत जानकारी दी, जिस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, संबंधित थाना को दिशा निर्देश दिया , फलस्वरूप टोटो थाना पुलिस अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर पुछताछ और छानबीन शुरू करते हुए , उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया , जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, मृतक के पिता और उक्त स्थानीय नेता ने कहां की मृतक के पिता को इंसाफ मिलना चाहिए और संबंधित आरोपी पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, साथ ही साथ टोटो थाना प्रभारी को लापरवाही बरतने पर भी उन पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, अगर ऐसा नहीं होता हैं तो , उक्त घटना के विरोध में , जोरदार आंदोलन और प्रदर्शन चलाया जाएगा । पुलिस ने बताया की उक्त नाबालिक मृतक के शव बरामदगी से संबंधित सभी पहलुओं पर पुलिस गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू करते हुए , संबंधित आरोपों को कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी ।